हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

मल्टी फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट और वेयर हाउस की सौगात, रेल लाइन को भी मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजनांदगांव जिले के लिए मंगलवार को आयोजित प्रदेश सरकार की कैबिनेट बैठक काफी महत्वपूर्ण रही। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आयोजित इस कैबिनेट बैठक में जिले के औद्योगिक, कृषि और बुनियादी ढांचे के विकास को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए हैं।

अलग खबर

बैठक में जिले के सोमनी में वृहद निवेश से आधुनिक फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना और खपरीकला में केंद्रीय भंडारण निगम के वेयरहाउस निर्माण हेतु भूमि आबंटन को हरी झंडी दी गई है। इसके साथ ही खैरागढ़ और डोंगरगढ़ से गुजरने वाली महत्वाकांक्षी कटघोरा-डोंगरगढ़ रेल लाइन परियोजना के वित्तीय मॉडल को भी मंजूरी मिल गई है। जिले के सोमनी में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के माध्यम से एक आधुनिक मल्टी फ्रूट प्रोसेसिंग फैसिलिटी स्थापित की जाएगी। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग को राजगामी संपदा की 31.55 एकड़ भूमि आबंटित की गई है। लगभग 400 करोड़ रुपए के निवेश से तैयार होने वाले इस प्लांट से 1,000 से अधिक प्रत्यक्ष तथा 5,000 से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। साथ ही इस प्लांट में किसानों से सीधे फलों की खरीद की व्यवस्था होने से क्षेत्र के बागवानी किसानों को प्रसंस्करण, पैकेजिंग और विपणन के लिए सीधा व बड़ा बाजार उपलब्ध होगा।

साय सरकार की कैबिनेट में कटघोरा-डोंगरगढ रेल लाइन सहित जिले को मिली कई सौगात

किसान सहेज पाएंगे अपनी उपज

कृषि उपज और अन्य आवश्यक वस्तुओं के सुरक्षित भंडारण की क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से केंद्रीय भंडारण निगम को ग्राम खपरीकला में 10 एकड़ भूमि आबंटित की गई है। यह भूमि बाजार मूल्य के 75 प्रतिशत प्रब्याजि, वार्षिक भू-भाटक तथा निर्धारित अधोसंरचना एवं पर्यावरण उपकर पर उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे जिले में आधुनिक भंडारण अधोसंरचना का विस्तार होगा और किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी।



रेलवे लाइन का काम होगा तेज

क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित 295 किलोमीटर लंबी कटघोरा-तखतपुर-मुंगेली-कवर्धा-खैरागढ़-डोंगरगढ़ रेल लाइन परियोजना के त्वरित क्रियान्वयन के लिए छत्तीसगढ़ रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड के जरिये शत-प्रतिशत इक्विटी निवेश को स्वीकृति दी गई है। लगभग 8,000 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत वाली इस परियोजना में 25 प्रतिशत यानी करीब 2,000 करोड़ रुपए की अंशपूंजी होगी, जिसे राज्य शासन और रेल मंत्रालय आधा-आधा वहन करेंगे। इस रेल लाइन के पूर्ण होने से डोंगरगढ़ और खैरागढ़ क्षेत्र सीधे उत्तर छत्तीसगढ़ से जुड़ेंगे। जिससे स्थानीय उद्योग, धार्मिक पर्यटन, व्यापार और कृषि उत्पादों की सुगम आवाजाही को नई दिशा मिलेगी।

जिला प्रशासन ने युद्धस्तर पर गांवों में चलाया अभियान

डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य अंतिम चरण में 98% टारगेट हासिल,15 हजार खसरा बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में खरीफ फसलों की सटीक जानकारी जुटाने और किसानों को शासन की योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने के उद्देश्य से संचालित डिजिटल क्रॉप सर्वे अभियान अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुका है। जिला कलेक्टर जितेन्द्र यादव के प्रभावी नेतृत्व और निरंतर मॉनिटरिंग के चलते राजस्व व कृषि विभाग का मैदानी अमला युद्धस्तर पर जुटा हुआ है। कलेक्टर द्वारा समय-समय पर की जा रही समीक्षा बैठकों और दिए गए स्पष्ट निर्देशों का ही नतीजा है कि जिले के सातों तहसीलों में सर्वे कार्य ने उल्लेखनीय रफ्तार पकड़ी है। जिले में अगस्त माह से प्रारंभ हुए इस महाभियान को शासन द्वारा निर्धारित अंतिम समय-सीमा यानी आगामी 10 नवंबर तक शत-प्रतिशत पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार जिले में कुल 7 लाख 71 हजार 439 प्लॉट्स का सर्वे किया जाना निर्धारित है। फील्ड में मुस्तैद 2 हजार से अधिक सर्वेयरों की सक्रियता से अब तक 7 लाख 55 हजार 568 प्लॉट्स का सर्वे सफलतापूर्वक पूरा किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 98 प्रतिशत है। अब जिलेभर में केवल 15 हजार 871 प्लॉट्स का सर्वे कार्य ही शेष रह गया है, जिसे पूरा करने के लिए सर्वेयर लगातार गांवों में डटे हुए हैं। इसके साथ ही सर्वे किए गए प्लॉट्स के सत्यापन और तकनीकी अनुमोदन की प्रक्रिया भी समानांतर रूप से तेजी से निपटाई जा रही है, ताकि गिरदावरी रिकॉर्ड पूरी तरह पारदर्शी रहे। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि बचे हुए प्लॉट्स की जियो-रेफरेंसिंग व एंट्री तय डेडलाइन से पहले पूरी कर ली जाए। किसी भी वास्तविक किसान का रकबा छूटने न पाए और डेटा में पूर्ण पारदर्शिता रहे, इसके लिए मैदानी स्तर पर नियमित क्रॉस-वेरिफिकेशन भी कराया जा रहा है। राजस्व और पंचायत अमले की इस सक्रियता से जिला निर्धारित समय से पूर्व ही शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने की ओर अग्रसर है।



किसानों को मिलेगा लाभ

डिजिटल क्रॉप सर्वे के माध्यम से प्रत्येक खसरे और उसमें बोई गई फसल की जीपीएस आधारित सटीक फोटो व विवरण ऑनलाइन दर्ज किया जा रहा है। इससे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के दौरान पंजीयन में किसानों को किसी तरह की तकनीकी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। साथ ही फसल बीमा योजना, आपदा राहत राशि और अन्य शासकीय अनुदान सीधे वास्तविक काश्तकारों तक पारदर्शी तरीके से पहुंच सकेंगे।

तहसीलवार सर्वे की स्थिति

जिले के सातों विकासखंडों में सर्वे कार्य करीब-करीब पूर्णता की ओर है। आंकड़ों के अनुसार छुरिया तहसील 99.36 फीसदी कार्य के साथ सबसे आगे चल रही है। डोंगरगढ़ में 99.03 प्रतिशत, डोंगरगांव में 98.81 प्रतिशत, कुम्हारदा में 97.61 प्रतिशत तथा घुमका में 98.57 प्रतिशत सर्वे पूरा हो चुका है। वहीं क्षेत्रफल के लिहाज से सबसे बड़े राजनांदगांव तहसील में 96.85 प्रतिशत और लालबहादुर नगर में 96.64 प्रतिशत प्लॉट्स का सर्वे दर्ज किया जा चुका है।

10 नवंबर तक पूरा करने का लक्ष्य

शासन द्वारा डिजिटल क्रॉप सर्वे के लंबित प्रकरणों के निराकरण और अंतिम रिकॉर्ड फ्रीज करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर तय की गई है। 1 नवंबर से आयोजित होने वाली विशेष ग्राम सभाओं के माध्यम से किसानों के समक्ष फसल संबंधी विवरण का वाचन कर आपत्तियों का निराकरण भी किया जाएगा। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को शेष बचे 15 हजार से अधिक प्लॉट्स का काम गुणवत्ता के साथ समय रहते पूरा करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

तूफान का असर: नांदगांव-एमएमसी जिले की स्कूलों में छुट्टी, भारी बारिश का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- आज अंचल में तूफान के चलते बारिश को लेकर आरेंज अलर्ट किया जारी

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय चक्रवाती तूफान अर्नब का असर अंचल सहित प्रदेशभर में दिखने लगा है। मौसम विभाग ने 28 और 29 अक्टूबर को प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। जिसको देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने भी एक्शन लेना शुरू कर दिया है। अविभाजित राजनांदगांव के तीनों जिलों में कल बुधवार को स्कूलों में तूफान को देखते हुए छुट्टी दे दी गई है। इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर राहत दल को भी सक्रिय कर दिया गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार चक्रवाती तूफान अर्नब के कल यानी बुधवार को ओडिशा-आंध्रप्रदेश तट से टकराने की आशंका है। जिसके प्रभाव से दक्षिण छत्तीसगढ़ में 60 से 90 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने और कुछ जगहों पर 200 मिमी तक बारिश होने की संभावना है। 28 अक्टूबर के लिए चार जिलों में रेड अलर्ट जारी किया गया है। वहीं रायपुर समेत कई जिलों में ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बताया गया कि आज प्रदेश के मध्य और दक्षिण इलाकों में अधिक बारिश की संभावना है। जबकि कल गुरुवार को मध्य और उत्तर इलाकों में बारिश देखने को मिलेगी।

चिंता में किसान, फसल सुरक्षित रखने में जुटे

चक्रवात अर्नब के असर को देखते हुए किसानों में भी चिंता बढ़ गई है। दिवाली को देखते हुए अंचल के कई इलाकों में धान सहित अन्य फसल की कटाई का कार्य शुरू हो गया था। हालांकि ऐसी स्थित को देखते हुए अब कृषि विशेषज्ञों ने अन्नदाताओं को अगले 72 घंटे तक धान और अन्य फसलों की कटाई रोकने, कटी फसल को सुरक्षित रखने और खेतों में पानी निकासी की व्यवस्था करने की सलाह दी गई है।

केसीजी में अवकाश नहीं

तूफान को देखते हुए सभी प्रकार की स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। वहीं केसीजी जिले में अवकाश नहीं दिया गया है, लेकिन डीईओ द्वारा ली गई बैठक में अत्याधिक बारिश की वजह से यदि आवश्यकता पड़ती है तो स्कूल समन्वयक अपने विवेक के आधार पर निर्णय लेने के निर्देश दिए गए हैं।

धार्मिक भावनाओं के चलते निर्णय, दूसरे जिले से पहुंचे अधिवक्ता भी वापस लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के गौरीनगर क्षेत्र से सामने आए गौ-हत्या के मामले के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते इसमें शामिल 4 महिलाओं सहित 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को सख्त सजा देने के लिए विभिन्न धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने अपने ज्ञापन के माध्यम से मांग की थी। विश्व हिंदू परिषद और मुस्लिम समाज के लोगों ने भी आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने को लेकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा था। जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद द्वारा गौ-हत्या के आरोपियों की पैरवी नहीं करने को लेकर अधिवक्ता संघ से भी मांग की गई थी। जनभावनाओं को देखते अधिवक्ता संघ ने भी अपने कार्य समिति की बैठक लेकर आरोपियों की पैरवी नहीं करने का निर्णय लिया है।

गौ-हत्या से जुड़े आरोपियों के पक्ष में केस लड़ने के लिए न्यायालय में अब तक कोई आवेदन प्रस्तुत नहीं हुआ है। जिले के अधिकताओं द्वारा इस संवेदनशील मामले में एकजुटता दिखाते आरोपियों की पैरवी नहीं की जा रही है। जिससे गौ-हत्या से जुड़े आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित दिखाई दे रही।



अधिवक्ता संघ की बैठक में हुआ निर्णय

जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नारायण कनौजे ने बताया कि सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा ज्ञापन के माध्यम से अधिवक्ताओं से मांग की गई थी कि आरोपियों की पैरवी नहीं की जाए। उन्होंने बताया कि जनभावना को देखते हुए आरोपियों के पक्ष में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग नहीं करने को लेकर अधिवक्ता संघ की कार्य समिति बैठक आहूत की गई। जिसमें निर्णय लिया गया कि आरोपियों की कोई भी पैरवी नहीं करेगा।

दुर्ग जिले से पहुंचे थे अधिवक्ता

बताया जा रहा है कि आरोपियों की पैरवी करने के लिए राजनांदगांव से अधिवक्ताओं के तैयार नहीं होने के चलते दुर्ग जिले के दो अधिवक्ता न्यायालय परिसर पहुंचे थे। इस दौरान स्थानीय अधिवक्ताओं द्वारा उनसे भी आरोपियों की पैरवी नहीं करने अपील की गई। जिसके बाद अधिवक्ता बिना आवेदन किए वापस लौट गए।

जंगल में मिला नक्सली डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जंगल में माओवादियों द्वारा विस्फोटक सामान व हथियार डंप कर रखा गया था। जिसकी सूचना पर गढ़चिरौली पुलिस फोर्स ने मौके से विस्फोटक सामान के साथ कुल 5 हथियार जब्त किए हैं। ऑपरेशन के दौरान 2 विस्फोटक समेत माओवादियों का अलग-अलग सामान मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गढ़चिरौली जिले में माओवाद अब खत्म हो गया है और जिले के लोग अब माओवाद के आतंक से आजाद हैं। पहले माओवादी सुरक्षा बलों को धमकाने और हत्या करने के लिए अलग-अलग तरह के हथियारों और विस्फोटक सामान का इस्तेमाल करते थे। इंटर-स्टेट बॉर्डर इलाके के दूर-दराज के जंगली इलाकों का फायदा उठाकर माओवादी ये सामान तैयार कर चुपके से जंगल के इलाकों में गाड़ देते थे। इसका इस्तेमाल अलग-अलग नक्सल हफ्तों, चुनावों वगैरह के दौरान सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने के लिए किया जाता था। इसी के खिलाफ 27 अक्टूबर को गढ़चिरौली पुलिस फोर्स के जवानों ने जंगल में माओवादियों द्वारा जमीन में छिपाए गए सामान को जब्त करने में कामयाबी हासिल की है।



सामान बरामद

उक्त वन क्षेत्र में बीडीडीएस कर्मियों ने क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया और 12 क्लेमोर, 12 बोर राइफल, 3 सिंगल शॉट राइफल, एयर गन, बोतल विस्फोटक, लाइव क्लेमोर विस्फोटक, वायरलेस माइक सेट, हथियार का निचला हैंडगार्ड, सुतली बम, माओवादी वर्दी के हरे कपड़े आदि बरामद किए। जब्त सामाग्री को वरिष्ठों के मार्गदर्शन में मौके पर ही नष्ट कर दिया गया है।

जंगल में सर्च आपरेशन

पुलिस के अनुसार गढ़चिरौली पुलिस फोर्स को जानकारी मिली थी कि माओवादियों ने पोस्टे वंगेतुरी की सीमा में मौजा माचुवंचा के जंगल इलाके में बड़ी संख्या में हथियार और विस्फोटक छिपाए हैं। मिली जानकारी के आधार पर 27 अक्टूबर को सुबह गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक एम. रमेश के मार्गदर्शन में गढ़चिरौली से 4 टीमों और बीडीडीएस से 1 टीम वाली एक स्पेशल ऑपरेशन टीम को उक्त जंगल इलाके में सर्च ऑपरेशन करने के लिए भेजा गया था।

नाबालिग को भगाया आरोपी पकड़ा गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नाबालिग अपहता को घर से भगाकर शादी का झांसा देकर लगातार शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को थाना लालबाग द्वारा गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार 5 सितंबर को प्रार्थी ने थाना लालबाग आकर अपनी नाबालिग पोती को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसला कर ले गया कि रिपोर्ट करने पर थाना लालबाग में धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना कार्रवाई में लिया गया।

पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्यप्रकाश तिवारी के दिशा-निर्देशन पर थाना लालबाग द्वारा कार्रवाई करते हुए 26 अक्टूबर को पीड़िता को बरामद कर प्रकरण में धारा- 87, 64(ड), 65(1) बीएनएस 4, 6 पाक्सो एक्ट जोड़कर आरोपी सागर साहू 25 साल निवासी ग्राम सुखरी हाल पता महाकाली कालोनी ईको बैंक शिव मंदिर के पास थाना रामनगर जिला चंद्रपुर महाराष्ट्र को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी को 27 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश जांगडे, उप निरीक्षक शारदा बंजारे, प्रधान आरक्षक प्रभात तिवारी, आरक्षक संतोष श्रीवास्तव, महिला आरक्षक पेमिन मण्डावी का कार्य सराहनीय रहा।

वन विभाग की कार्यशैली पर उठ रहे सवाल

रिसोर्ट के पास तेंदुए की चहलकदमी से दहशत, घाटी से गुजरने वाले लोग भयभीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

क्षेत्र में तेंदुओं की आहट से दहशत का माहौल बना हुआ है। छिंदारी रिसोर्ट के पास एक साथ तीन तेंदुओं की मौजूदगी की खबर से लोगों में भय बढ़ गया है। बैताल रानी घाटी से आने-जाने वाले राहगीरों के साथ ही छिंदारी रिसोर्ट और छिंदारी के परिंदे पहुंचने वाले पर्यटकों में भी डर का माहौल है। ज्ञात हो कि पिछले दिनों वन भैंसा दिखने को भी खबर आई थी।

बताया जा रहा है कि इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना होता है। ऐसे में तेंदुओं की मौजूदगी की खबर ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सुबह से शाम तक इस सड़क से गुजरने वाले ग्रामीणों, पर्यटकों और अन्य राहगीरों को किसी अनहोनी की आशंका सता रही है।क्षेत्र में तेंदुओं की आहट को लेकर वन विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठने लगे हैं। लोगों का कहना है कि वन विभाग को जानकारी होने के बाद भी राहगीरों को कोई समझाइश अथवा एहतियात करना अथवा सुरक्षित आने-जाने वालों के लिए कोई सूचना बोर्ड वगैरह नहीं लगाया गया है। जिसकी गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में निगरानी बढ़ानी चाहिए वास्तविक मौजूदगी की पुष्टि कर आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाना चाहिए।



वन महकमा अलर्ट

फिलहाल तीन तेंदुओं की मौजूदगी की खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है। वन विभाग की ओर से स्थिति स्पष्ट किए जाने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही हालांकि वन विभाग का कहना है कि वन्य जीवों की आवाजाही को लेकर विभाग पूरी तरह अलर्ट है।

सुरक्षा को लेकर चिंता

बैताल रानी घाटी और छिंदारी क्षेत्र प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में वन्य जीवों की मौजूदगी को लेकर सतर्कता बरतना जरूरी है। लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि क्षेत्र में गश्त बढ़ाई जाए, तेंदुओं की गतिविधियों पर नजर रखी जाए और जरूरत पड़ने पर मार्ग से गुजरने वाले लोगों को सतर्क करने के लिए उचित व्यवस्था की जाए।

विवाद पर मारपीट आरोपी पकड़े गए

राजनांदगांव। आपसी विवाद पर एक राय होकर मारपीट किए जाने के मामले की जांच करते पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार घुमका थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी दिनेश कुमार निवासी ग्राम हरडुवा द्वारा थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश किया कि ललित, वेदराम और शत्रुघन द्वारा विवाद करते घर में घुसकर गाली-गलौज व मारपीट कर धमकी दिया गया है कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, अनुविभागीय पुलिस अधिकारी डोंगरगांव मंजुलता बाज के निर्देशन थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक अब्दुल समीर एवं थाना घुमका सहायक उपनिरीक्षक कोदुराम नागवंशी तथा अन्य स्टॉप द्वारा प्रकरण के सभी आरोपियों ललित निषाद 41 साल, बेदराम उर्फ लालू निषाद 23 साल, शत्रुघन निषाद 44 साल सभी निवासी ग्राम हरडुवा की पतासाजी कर 27 अक्टूबर को सभी आरोपियों से पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया गया, जिन्हें विधिवत गिरफ्तार किया गया। आरोपियों का कृत्य जुर्म अजमानतीय होने से गिरफ्तार कर न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया है।

बिरयानी सेंटरों पर टीम ने दी दबिश, तीन घरेलू सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- नंदई रोड पर संयुक्त टीम की कार्रवाई, खाद्य लाइसेंस और मांस के नमूने भी जांचे

अवैध मांस विक्रय और नियमों की अनदेखी के खिलाफ नगर निगम, खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार शाम नंदई रोड के बिरयानी सेंटरों में दबिश दी।

जांच के दौरान व्यावसायिक उपयोग के बजाय घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते पाए जाने पर तीन सिलेंडर जब्त किए गए।

ढीमर चिकन सेंटर, केजीएन चिकन सेंटर और लक्की चिकन सेंटर से एक-एक घरेलू सिलेंडर जब्त किया गया। वहीं अंसारी चिकन और अल जमजम बिरयानी सेंटर समेत अन्य प्रतिष्ठानों में खाद्य लाइसेंस, साफ-सफाई और खाद्य सुरक्षा मानकों की जांच की गई। खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने चिकन बिरयानी के नमूने भी लिए।



उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

महापौर ने दीपावली को देखते हुए नंदई क्षेत्र, हाट बाजार और मटन मार्केट में विशेष साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि बिना खाद्य लाइसेंस, अवैध मांस विक्रय और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई जारी रहेगी।

मटन मार्केट में लगेगा इंसिनेरेटर

महापौर मधुसूदन यादव ने नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम के साथ मंगलवार को नंदई वार्ड का निरीक्षण किया। मटन मार्केट से निकलने वाले मांस अपशिष्ट को चील, गिद्ध और अन्य जानवरों द्वारा घरों के आसपास फैलाए जाने की शिकायत पर महापौर ने व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने मांस अपशिष्ट के मौके पर ही निस्तारण के लिए इंसिनेरेटर सिस्टम लगाने को प्राथमिकता देने कहा। निगम के कार्यपालन अभियंता दीपक खाण्डे ने बताया कि इसकी निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सिस्टम लगने के बाद करीब 100 किलो मांस अपशिष्ट प्रति घंटे नष्ट किया जा सकेगा।

खबर संक्षेप

सद्गुरू सत्संग समारोह 30 से



सोमनी। ग्राम खुटेरी में शिक्षक स्व भागबली साहू की स्मृति में तीन दिवसीय सद्गुरू सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। सत्संग कार्यक्रम 30 अक्टूबर से एक नवम्बर तक प्रातः 10 से दोपहर 1.30 बजे एवं अपरान्ह 3 बजे से शाम 5.30 बजे तक होगा। यह कार्यक्रम संतश्री रामूदास साहेब ग्राम मिरमिटी एवं संत मंडली के सान्धिय में संपन्न होगा। अंतिम दिवस में दोपहर ३ बजे महंत लीलदास साहेब के सानिध्य में सात्विक चौका आरती होगा।

दो दिवसीय रामकथा का आयोजन



खुज्जी। ग्राम कोहका में नवयुवक मंडल सरस्वती उत्सव समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय रामकथा का आयोजन किया गया। कथावाचक पंडित कामता शरण महराज को सुनने बड़ी संख्या में अंचल के ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान जन प्रतिनिधि भी कथा श्रवण करने पहुंचे जिसमे जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, अंजू त्रिपाठी, जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु, रामकुमार गुप्ता, योगेश पटेल, सरपंच शरद वैष्णव, कृष्णकुमार वैष्णव आदि शामिल थे।

प्रधान पाठक उइके को भावभीनी विदाई



साल्हेवारा। प्राथमिक शाल कोसमर्रा में पदस्थ प्रधान पाठक प्रदीप उइके के सेवानिवृत्त होने पर विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संकुल रामपुर के तत्वावधान में आयोजित समारोह में ग्रामवासी, विद्यार्थी, शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि शामिल हुए। समारोह में संकुल प्राचार्य श्री पटेल ने श्री उइके के साथ बिताए कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने शिक्षा के प्रति उनकी लगन, कार्यशैली और समर्पित भाव की सराहना करते हुए कहा कि एक शिक्षक का योगदान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होता, बल्कि वह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व निर्माण और समाज के भविष्य को दिशा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संकुल समन्वयक मनोज मरकाम ने संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया। समारोह के दौरान संकुल परिवार की ओर से श्री उइके को श्रीफल, शाल एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के बाद ग्रामवासियों एवं शिक्षकों ने बाजे-गाजे के साथ श्री उइके को उनके निज निवास तक ससम्मान पहुंचाया।

नवरात्रि के बाद ज्योति कलशों से पौधों को जीवन देने की पहल

सरकारी अस्पताल परिसर में बिखर रही हरियाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जल संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन की दिशा में स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अनूठी पहल की गई है। अस्पताल परिसर की चट्टानी जमीन पर लगाए गए पौधों को नियमित रूप से पानी उपलब्ध कराने के लिए अब मटका टपक सिंचाई विधि अपनाई जा रही है। खास बात यह है कि नवरात्रि के बाद ज्योत-जंवारा विसर्जन के पश्चात कलश का पुनः उपयोग पौधों की सिंचाई के लिए किया जा रहा है।

बीएमओ डॉ. रागिनी चंद्रे के मार्गदर्शन में रेडियोग्राफर भोज साहू ने अस्पताल परिसर में लगभग 100 पौधे रोपे हैं। इन पौधों में खाद एवं मिट्टी डालकर उन्हें विकसित किया जा रहा है। चट्टानी जमीन होने के कारण पौधों की सिंचाई करना बड़ी चुनौती है जिसे देखते हुए मटका टपक विधि का सहारा लिया जा रहा है।

चार से पांच दिनों तक हो सकती है सिंचाई

श्री साहू ने बताया कि मटका टपक विधि पौधों की सिंचाई करने का प्रभावी तरीका है। मटके में पानी भरने के बाद उसकी क्षमता, छेद के आकार, मिट्टी और मौसम के अनुसार पानी धीरे-धीरे रिसता रहता है जिससे कई दिनों तक नमी मिल सकती है। उन्होंने बताया कि एक बार पानी भरने पर लगभग चार से पांच दिनों तक सिंचाई की आवश्यकता नहीं पड़ती।

पहल की प्रशंसा

बीएमओ डॉ. चंद्रे ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह बहुत ही अभिनव प्रयास है। अस्पताल परिसर में लगाए गए पौधों के विकसित होने से चारों ओर हरियाली दिखाई देने लगी है। इस कार्य में धंसु निषाद, विनोद बारले, विशाल खत्री, टीकम साहू सहित अन्य निरंतर सहयोग दे रहे हैं।



परिसर में लगे 100 पौधे

अस्पताल परिसर में नींबू, करौंदा, नीम, मुनगा, अशोक, गुड़हल, कटहल, करंज, टीकोमा और पुत्रजीवा सहित अन्य के लगभग 100 पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों को विकसित करने के लिए नियमित सिंचाई, खाद और मिट्टी की व्यवस्था की जा रही है।

ज्योति कलशों का सार्थक उपयोग

मटका टपक विधि से सिंचाई के लिए श्री साहू ने बगुलामुखी मां बम्लेश्वरी मंदिर में रखे कलशों के संबंध में मंदिर समिति के अध्यक्ष गिरीश सोनी से चर्चा की। उन्होंने कलशों को इस नेक कार्य के लिए उपलब्ध कराया। इन कलशों के नीचे छेद किया गया है, ताकि पानी रिसकर पौधों की जड़ों तक पहुंच सके। धार्मिक आस्था से जुड़े कलश अब हरियाली बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

दिल्ली महारैली में शामिल होंगे कांग्रेसजन

वोट के अधिकार से वंचित करने के प्रयास का विरोध करेगी कांग्रेस

तैयारियों में जुटे जिलेभर के कांग्रेस कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

वोट बचाओ- देश बचाओ अभियान के तहत आगामी एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली का आयोजन किया गया है। इस रैली में जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। महारैली में शामिल होने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

प्रस्तावित रैली को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रदेश प्रभारी राजेश ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश की निगाहें कांग्रेस नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर टिकी हैं। देशवासियों की कांग्रेस नेतृत्व से बड़ी उम्मीद है। उन्होंने कहा कि वोट बचाओ-देश बचाओ' केवल राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की अस्मिता और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की रक्षा की लड़ाई है। श्री ठाकुर ने कहा कि प्रत्येक नागरिक के वोट का समान महत्व है। यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से काटा जाता है, तो यह गंभीर विषय है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से संगठित होकर मताधिकार से जुड़े मुद्दों को उठाने और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध दर्ज कराने की अपील की।



सभी शामिल हो महारैली में

विधायक यशोदा वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में देशभर के कांग्रेस कार्यकर्ता जुटेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े मुद्दों का विरोध दर्ज कराने के लिए सभी कार्यकर्ता को कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी शाहिद खान ने कहा कि एसआईआर और मतदाता सूची से जुड़े विषय मतदाताओं के अधिकारों से संबंधित हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव प्रक्रिया में अनियमितता बरतकर एक राजनीतिक दल को लाभ पहुंचाया गया है। बैठक में से देवराज किशोर दास, गजेंद्र ठाकरे, टारकेश्वर शाह, खुशरो, सज्जाक खान, सुदीप श्रीवास्तव, रामकुमार पटेल, कविता जंघेल, हेमलता ठाकुर, अय्यूब कुरैशी, मन्नू चंदेल, रिंकू गुप्ता, अशोक साहू, आरती महोबिया, रोहित पुलस्त्य, अमित टंडन, कोसन कोसरे सहित अन्य शामिल हुए।

एसआईआर पर जताई चिंता

जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल दास साहू ने कहा कि कांग्रेस एसआईआर के बहाने मतदाताओं के नाम काटने का विरोध कर रही है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सड़क पर आकर नाम कटने के मुद्दे को उठाया और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा करने का प्रयास किया।

सरकारी अस्पताल में मरीजों को नहीं मिल रही दवाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



अधिकारी की लापरवाही से सरकारी अस्पताल की व्यवस्था दिनों दिन खराब होते जा रही है जिससे मरीजो को परेशान होना पड़ रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पिछले एक माह से डॉक्टर की पर्ची के अनुरूप दवाई नहीं मिल रही है। मरीजों को दवाई नहीं होना बता कर लौटाया जा रहा है जिसके कारण मरीजों को दुकानो से अधिक कीमत में दवाई खरीदना पड रहा है।

जानकारी के अनुसार जेनरिक दवाई दुकान में ऑनलाईन भुगतान की सुविधा नहीं होने के कारण भी लोगो का असुविधा हो रही है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीज जब जेनरिक दवाई दुकान पहुंचते है तो उन्हे नगद भुगतान करने कहा जाता है। जो ऑनलाईन पेमेंट करना चाहता है तो यह सुविधा नहीं होने का हवाला देकर दवा देने से मना कर दिया जाता है।

सेवा सेतु से नव्या को मिला जाति प्रमाण पत्र

छुईखदान। बेटियों की बेहतर शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक दस्तावेजों का समय पर उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। कॉलेज में प्रवेश, छात्रवृत्ति एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में जाति प्रमाण पत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से यह प्रक्रिया अब अधिक सरल और सुविधाजनक हो रही है। इसकी सकारात्मक मिसाल लंझियाटोला में देखने को मिली है। ग्राम के दिनेश सोनके की पुत्री नव्या सोनके को सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। श्री सोनके अपनी पुत्री की पढ़ाई और भविष्य की आवश्यकताओं को लेकर चिंतित थे। सतनामी जाति से संबंधित नव्या को जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी। पहले प्रमाण पत्र बनवाने के लिए पुराने अभिलेख जुटाने और तहसील कार्यालय के चक्कर लगाने जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। लेकिन अब डिजिटल सेवाओं से यह प्रक्रिया सुगम हो गई है।



नए पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह गोंडवाना भवन अछोली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। राज्य गीत सुश्री पंचशीला सहारे ने प्रस्तुत किया। अतिथि के रूप में एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र यदु, जिला अध्यक्ष गोपीराम वर्मा, चंद्रिका यादव, रतिराम कन्नौजे, दिनेश कुरेटी, अजय वैष्णव, पंचशील सहारे, संतोष ध्रुव शामिल हुए। स्वागत के बाद आधार वक्तव्य ब्लॉक अध्यक्ष संतोष ध्रुव ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर श्री यदु ने संगठन ने कार्य और भविष्य की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। जिला अध्यक्ष वर्मा ने पदाधिकारियों से शिक्षकों की भागीदारी बढ़ाने और शिक्षा विभाग में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए संघर्ष करने हेतु आह्वान किया।



सौंपा नियुक्ति पत्र

इस दौरान अतिथियों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, कोषाध्यक्ष, सह कोषाध्यक्ष, महामंत्री, महासचिव , ब्लॉक प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी , संगठन मंत्री, प्रचार मंत्री , ब्लॉक संरक्षक एवं संयोजक को नियुक्त पत्र सौंपा। अंत में ब्लॉक सचिव राजूलाल कौशिक ने आभार प्रकट किया। संचालन मदनलाल मंडावी ने किया।

कोचिंग सेंटर को अध्यक्ष ने दिया डिजिटल बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नव प्रयास कोचिंग में अध्ययन करने वाले बच्चों के शिक्षा के स्तर को उन्नत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने अध्यक्ष निधि से डिजिटल बोर्ड प्रदान किया है। इस पहल से संस्थान के विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो सकेगी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को मजबूती मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि नव प्रयास कोचिंग सेंटर गंडई पिछले तीन वर्षों से क्षेत्र के पांचवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों को नवोदय विद्यालय, सैनिक विद्यालय, प्रयास विद्यालय, श्रेष्ठा और एनएमएमएसई जैसी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की निःशुल्क तैयारी करा रहा है। क्षेत्र के शिक्षकों द्वारा सुबह बच्चों को नियमित रूप से अध्यापन कार्य कराया जाता है, जिसके सकारात्मक परिणाम स्वरूप बड़ी संख्या में यहां के बच्चे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता हासिल कर रहे हैं। शिक्षकों के अभूतपूर्व कार्य से प्रभावित होकर नगर अध्यक्ष ने डिजिटल बोर्ड भेंट किया है।



इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष श्री खुशरो ने कहा कि डिजिटल शिक्षा से विद्यार्थियों का भविष्य बदलेगा और बच्चों को आधुनिक शिक्षा का लाभ मिलेगा क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक समय की सबसे बड़ी मांग है। कार्यक्रम के दौरान पूर्व माध्यमिक शाला गंडई की प्रधानपाठिका यंत्री पड़वार ने जनप्रतिनिधियों के इस सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

बच्चों को किया प्रोत्साहित

इस गरिमापूर्ण आयोजन के दौरान शालेय गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पानी की बॉटल देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में पार्षद राकेश निषाद, प्रकाश पटेल, यतीश कुंजाम, एसएमसी अध्यक्ष हिरेन्द्र कुंभकार, एल्डरमेन अशोक देवांगन, लियाकत अली, भुवेश्वर साहू, कौशलसिंह राजपूत, डॉ मांघीलाल यादव, राजेश श्रीवास्तव, खेमशंकर साहू, पुनेश्वर देवांगन, कमलेश सिंह नेताम, सुनीता मरकाम, संतोष रजक, संतोष झारिया, उज्जवल नामदेव, वीरेंद्र वर्मा, महेश वर्मा, पूर्णेश वैष्णव, दीपक मिश्रा, मयाराम राठौर, खेम जगहेल, भागचंद साहू, जगदीश पटेल, शेषनारायण साहू, सुशील साहू, पुरुषोत्तम साहू, प्रभाकर जगहेल आदि मौजूद थे। अंत मे कौशलसिंह राजपूत ने आभार व्यक्त किया।

स्वर्णकार समाज ने मनाई जयंती

राजनांदगांव। शरद पूर्णिमा के पावन दिवस 25 अक्टूबर को मैढ़ छत्रिय स्वर्णकार समाज द्वारा सोनी भवन में हर्षोउल्लास के साथ अजमीढ़ जयंती मनाई गई। जिसमें साामाजिक बंधु शामिल हुए। संध्या के समय पूजा-आरती एवं तत्पश्चात भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा गया था। अन्न का कण और आनंद के क्षण दोनों की अमूल्यता को ध्यान में रखते थाली में जूठा ना छोड़ने वालों को एक नंबर का कूपन दिया गया, जिसे प्रसादी के अंत में लक्की ड्रा के माध्यम से 10 लोगों को पुरस्कार वितरित किया गया। कार्यक्रम में पारसमल कुकरा, संतोष सोलीवाल, टीकम कुकरा, संतोष सोनी, दुलीचंद सोनी, गोविंदा सोनी आदि मौजूद थे।

श्रद्धा के साथ मनाया गया अवतरण दिवस

108 द्रव्यों से आचार्यद्वय का पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

श्री दिगम्बर जैन समाज ने समाधिस्थ आचार्य 108 विद्यासागर महाराज एवं वर्तमान आचार्य 108 समयसागर महाराज के अवतरण दिवस पर दो दिवसीय गुरु-अवतरण दिवस महोत्सव का आयोजन किया। आयोजन आर्यिका 105 तपोमती माता ससंघ के सानिध्य, ब्रह्मचारिणी पिंकी दीदी एवं अंजना दीदी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। दो दिनों तक अभिषेक, शांतिधारा, पूजन, आचार्य श्री का छत्तीसी विधान, मंगल प्रवचन, गुरु-स्मृति संस्मरण प्रतियोगिता एवं भजन संध्या आयोजित किए गए।

महोत्सव के प्रथम दिवस रविवार को प्रातः भगवान जिनेन्द्र देव का अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन किया गया। इसके पश्चात आचार्य छत्तीसी विधान एवं आर्यिकाश्री के मंगल प्रवचन हुए। गुरु-स्मृति संस्मरण प्रतियोगिता में आचार्य भगवंतों के सानिध्य में बिताए गए अविस्मरणीय क्षणों को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया गया। रात्रि में मंगल आरती के दौरान पूरा वातावरण जिनभक्ति एवं गुरु-वंदना से गुंजायमान रहा।



आचार्य भगवंतों की पूजन

महोत्सव के दूसरे दिन अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजन के पश्चात 108 द्रव्य की थालियों से दोनों आचार्य भगवंतों की पूजन कर श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा अर्पित किया। समापन अवसर पर मंगल आरती एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। प्रियंक जैन एवं टीम ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। दो दिवसीय महोत्सव को सफल बनाने में समाज के बुजुर्गों, महिलाओं, पुरुषों, महिला मंडल, बहु मंडल, बालिका मंडल, युवा मंडल, श्री विद्यासमय तपोसाधना समिति एवं श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी का विशेष सहयोग रहा।

राशन दुकान में शक्कर नहीं

डोंगरगढ़। सरकारी राशन दुकानों से गरीबों को दो माह से शक्कर नहीं मिल रही है। शक्कर की किल्लत से गरीबों की दीपावली फीकी होती नजर आ रही है। राशन दुकान के संचालकों ने बताया कि दीपावली के पूर्व शक्कर देना संभव नहीं है।

छत्तीसगढ़ी वार्ता का 3 को आकाशवाणी में प्रसारण

राजनांदगांव। साकेत साहित्य परिषद सुरगी के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू की छत्तीसगढ़ी वार्ता छत्तीसगढ़ी साहित्य के विकास यात्रा का प्रसारण 3 नवंबर को सुबह 8.30 बजे आकाशवाणी रायपुर के छत्तीसगढ़ी साहित्यिक समन्वित कार्यक्रम मोर भुइयां के अंतर्गत किया जाएगा। इस वार्ता को छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्र अनुप्रसारित करेंगे। कार्यक्रम के संपादक महेंद्र साहू है।





दो दिन से बूंद-बूंद पानी के लिए लोग परेशान, टैंकर तक नहीं पहुंचा

अटल आवास में फिर गहराया पेयजल संकट, नया पंप खराब

एक दिन पहले लगा पंप भी हुआ खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 20 स्थित अटल आवास कॉलोनी में पेयजल संकट ने एक बार फिर विकराल रूप ले लिया है। कुछ दिन पहले पानी की समस्या से परेशान कॉलोनीवासियों ने पूर्व छात्र नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजू यदु की अगुवाई में नगर पालिका का घेराव किया था।

इस दौरान कॉलोनीवासियों ने भी सक्रिय रूप से सहयोग करते हुए पेयजल समस्या के समाधान की मांग उठाई थी। इसके बाद प्रशासन ने राहत देने के लिए नया पंप लगवाया, लेकिन यह व्यवस्था भी ज्यादा दिन नहीं चल सकी।

एक दिन पहले ही नए पंप से धुआं उठने लगा और वह खराब हो गया। नतीजतन, कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति फिर ठप हो गई है और पिछले दो दिनों से लोग पानी के लिए परेशान हैं।



दो दिन से पानी के लिए परेशान परिवार, टैंकर भी नदारद

पानी के बिना जिंदगी की कल्पना करना मुश्किल है। पीने, खाना बनाने, नहाने, कपड़े धोने और घर की साफ-सफाई जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए हर परिवार को पानी चाहिए। ऐसे में अटल आवास के रहवासियों को लगातार दूसरे दिन भी पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। रहवासियों की परेशानी इस बात से और बढ़ गई है कि समस्या की जानकारी प्रशासन तक पहुंचने के बावजूद अब तक टैंकर से पानी पहुंचाने की व्यवस्था नहीं हुई है। उनका कहना है कि यदि पंप की मरम्मत या नया पंप लगाने में समय लगना है, तो कम से कम वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाना चाहिए ताकि दैनिक जरूरतें पूरी हो सकें।

जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठ रहा सवाल

कॉलोनीवासियों को बार-बार पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन स्थाई समाधान अब भी दूर नजर आ रहा है। जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। आखिर लोगों को हर बार पानी के लिए नगर पालिका का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़ता है? क्या आम नागरिकों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी केवल शिकायत और घेराव के बाद ही निभाई जाएगी। कॉलोनी में बार-बार पैदा हो रहा जल संकट नगर पालिका की व्यवस्था और निगरानी पर सवाल खड़े करता है। फिलहाल जरूरत इस बात की है कि प्रभावित परिवारों को तत्काल टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जाए, खराब पंप को जल्द ठीक कराया जाए और भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह है कि नगर पालिका प्रशासन और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस समस्या को गंभीरता से लेकर कार्रवाई करते हैं या फिर कॉलोनीवासियों को राहत पाने के लिए एक बार फिर घेराव और आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा।

घेराव के बाद मिला था आश्वासन, लेकिन राहत टिक नहीं पाई

अटल आवास कॉलोनी में पेयजल संकट कोई नई समस्या नहीं है। पहले भी पानी की आपूर्ति बाधित होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। समस्या से त्रस्त रहवासियों ने सामाजिक कार्यकर्ता राजू यदु की अगुवाई में नगर पालिका पहुंचकर घेराव किया था। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने एकजुट होकर अपनी समस्या रखी और पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की थी। इसके बाद पंप की व्यवस्था की गई थी। लोगों को उम्मीद थी कि अब उन्हें रोजमर्रा की जरूरतों के लिए पानी की किल्लत नहीं झेलनी पड़ेगी, लेकिन पंप खराब होने के साथ ही उनकी मुश्किलें फिर लौट आई हैं।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लेकर कांग्रेस ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रव्यापी वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बैठक ली। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मताधिकार की रक्षा, निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए एकजुट होकर अभियान में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील करते हुए कहा कि वो वोट चोरी के विरोध में कार्यकर्ताओं से सहयोग मांगने आए हैं।

आज देश में मताधिकार की रक्षा का सवाल महत्वपूर्ण है। कार्यकर्ताओं को इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना होगा और दिल्ली पहुंचकर अपनी आवाज बुलंद करनी होगी। उन्होंने कहा कि एक वोट केवल चुनाव में उम्मीदवार चुनने का माध्यम नहीं, बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करने का अधिकार भी है इसलिए हर नागरिक को अपने वोट की कीमत समझनी चाहिए। उन्होंने भाजपा पर मतदाताओं के अधिकारों को प्रभावित करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में जनता के वोट का सम्मान और उसकी निष्पक्ष गिनती सुनिश्चित होना जरूरी है।

विधायक यशोदा वर्मा ने 'वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने वाला अभियान बताते हुए कार्यकर्ताओं से इसकी बात वार्डों और गांवों तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती जनता के मताधिकार और उसकी स्वतंत्र अभिव्यक्ति पर निर्भर करती है। प्रत्येक नागरिक के वोट का सम्मान होना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता के मुद्दे को प्रमुखता से उठाना चाहिए। उन्होंने अभियान में एकजुटता के साथ सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया। इस दौरान पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य नीलांबर वर्मा, जिला अध्यक्ष कोमल साहू, किशोर दास वैष्णव, शहर अध्यक्ष अरुण भारद्वाज, ब्लॉक अध्यक्ष संदीप सिरमौर, मनराखन देवांगन, सज्जाक खान, आकाशदीप सिंह, भीखमचंद छाजेड़, आरती महोबिया, दीपक देवांगन, अब्दुल रज्जाक खान, रिंकू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



उठ रहे सवालों का जवाब जरूरी

प्रदेश कांग्रेस कमेटी महामंत्री शाहिद सोलंकी ने कहा कि वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान केवल कांग्रेस का राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि मताधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विभिन्न संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है और निर्वाचन आयोग की भूमिका को लेकर भी गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में संस्थाओं की निष्पक्षता और जनता के विश्वास को बनाए रखना बेहद जरूरी है। देश ने अंग्रेजों की गुलामी से आजादी हासिल करने के लिए लंबा संघर्ष किया था। आज जरूरत है कि लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की जाए और देश की व्यवस्था किसी एक व्यक्ति या समूह की मनमर्जी से नहीं, बल्कि संविधान और जनता की इच्छा के अनुरूप चले।

चेक बाउंस मामले में एक वर्ष का कारावास एवं जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपर सत्र न्यायाधीश (एफटीसी) राजनांदगांव पीठासीन अधिकारी विजय कुमार साहू द्वारा उत्तरवादी/अभियुक्त ओमप्रकाश आ. अर्जुन साहू को अपीलीय आदेश में धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम, 1881 के अपराध की दोषसिद्धी पर एक वर्ष के साधारण कारावास एवं 7,00,000 रुपए के प्रतिकर से दंडित किया गया है। प्रकरण का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि परिवादिनी/अपीलार्थी श्रीमती अंजनी साहू द्वारा अपने चेक बाउंस मामले में अभियुक्त/उत्तरवादी के विरूद्ध धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम 1881 के अन्तर्गत न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया था, जहां विचारण न्यायालय द्वारा अभियुक्त को दोषमुक्त किया गया था। उक्त आदेश से क्षुब्ध होकर अपीलार्थी/परिवादी द्वारा अपील प्रस्तुत की गई। विचारण न्यायालय में विचारण के दौरान परिवादिनी अंजनी साहू की मृत्यु होने पर पति गंगाप्रसाद साहू विधिक प्रतिनिधि होने के नाते अपीलार्थी के रूप में अपने अधिवक्ता राकेश कुमार ठाकुर के माध्यम से अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार साहू के समक्ष अपील प्रस्तुत किया गया। प्रकरण में अधिवक्ता राकेश कुमार ठाकुर द्वारा पैरवी की गई।

न्यायालय का आदेश

प्रकरण में संलग्न दस्तावेजों, तथ्य एवं दिए गए गवाहों के बयान के विधिक मिमांशा कर अपीलीय न्यायालय द्वारा अपील स्वीकार करते विचारण न्यायालय द्वारा पारित निर्णय का अपास्त कर अभियुक्त/उत्तरवादी को धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम 1881 के तहत दोषी पाकर दोषसिद्धि किया गया। माननीय अपीलीय न्यायालय ने अपने आदेश में चेक की राशि तथा वर्तमान में बढ़ते हुए चेक अनादरण की घटनाओं को देखते हुए चेक संबंधी समव्यवहार पर आम लोगों के विश्वास को सुदृढ़ बनाए रखने उत्तरवादी को परिवीक्षा को लाभ दिया जाना उचित प्रतीत नहीं होता मानते हुए दंडित किया गया है।

देश की बात फाउंडेशन ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

लोकतंत्र की मजबूती निष्पक्ष चुनाव और प्रत्येक पात्र नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा पर निर्भर करती है जिसके चलते मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया में पारदर्शिता, निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और चुनावी व्यवस्था की जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग को लेकर देश की बात फाउंडेशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन कलेक्टोरेट में अपर कलेक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर को सौंपा।

ज्ञापन में संगठन ने निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता और मतदाता सूची की शुद्धता को लोकतंत्र की विश्वसनीयता से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताया। फाउंडेशन का कहना है कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान किसी भी पात्र नागरिक का नाम छूटना या अनुचित तरीके से हटना उसके संवैधानिक अधिकारों को प्रभावित कर सकता है इसलिए पूरी प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए, जिसमें प्रत्येक मतदाता को अपने नाम की स्थिति जानने, आपत्ति दर्ज कराने और आवश्यक सुधार कराने का उचित अवसर मिले।



लोकतंत्र में हर मतदाता की भागीदारी जरूरी

संगठन ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि ज्ञापन में उठाए गए मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। फाउंडेशन के अनुसार, लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि प्रत्येक पात्र नागरिक को बिना किसी अनुचित बाधा के मतदान का अवसर मिले। इस दौरान फाउंडेशन के राज्य समन्वयक विप्लव साहू, डॉ भोला साहू भुवनेश्वर वर्मा, डॉक्टर कन्हैया लाल लिल्हारे, नारायण वर्मा, राजेश वर्मा, संतराम साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

मताधिकार की सुरक्षा के लिए रखी मांगें

फाउंडेशन ने अपने ज्ञापन में निर्वाचन व्यवस्था में सुधार के लिए सात प्रमुख मांगें रखीं। इनमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया की समीक्षा, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में पारदर्शिता, निर्वाचन आयुक्तों से संबंधित कानून के प्रावधानों की समीक्षा, निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित करना प्रमुख है। इसके अलावा मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं हटाने की प्रक्रिया को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने, पुराने कागजी मतदाता पहचान पत्रों से संबंधित व्यवस्था में सुधार तथा निर्वाचन प्रक्रिया को विश्वसनीय बनाने के लिए आवश्यक सुधार लागू करने की मांग की गई।

निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता और जवाबदेही पर जोर

देश की बात फाउंडेशन ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्य निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया, निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली और उसकी जवाबदेही से जुड़े मुद्दों पर पुनर्विचार की मांग उठाई। संगठन ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त एवं अन्य निर्वाचन आयुक्त अधिनियम, 2023 के प्रावधानों की समीक्षा की आवश्यकता जताते हुए कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था लोकतांत्रिक शासन की आधारशिला है। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर जनता का विश्वास बनाए रखने के लिए निर्णय लेने की व्यवस्था पारदर्शी होनी चाहिए और मतदाता सूची में होने वाले प्रत्येक बदलाव की उचित जांच एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए।

वॉलीबॉल व क्रिकेट स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ रायपुर संभाग का रहा दबदबा

स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के तत्वावधान में जिला शिक्षा विभाग राजनांदगांव द्वारा आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता-2026 के दूसरे दिन वॉलीबॉल और क्रिकेट स्पर्धाओं में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले।

19 वर्ष बालक वर्ग वॉलीबॉल में रायपुर संभाग का दबदबा रहा। रायपुर ने अपने मुकाबलों में बस्तर, बिलासपुर, सरगुजा और दुर्ग संभाग को पराजित कर जीत दर्ज की। वहीं दुर्ग संभाग ने सरगुजा, बस्तर और बिलासपुर के खिलाफ जीत हासिल की। इसके अलावा बस्तर ने सरगुजा को तथा बिलासपुर ने सरगुजा संभाग को हराया। 19 वर्ष बालिका वर्ग में भी रायपुर संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते बस्तर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के खिलाफ जीत दर्ज की। वहीं दुर्ग संभाग ने सरगुजा और बिलासपुर को मात दी। जबकि बस्तर संभाग ने सरगुजा के खिलाफ मुकाबला अपने नाम किया।

क्रिकेट में रायपुर संभाग विजयी

नवागांव मिनी स्टेडियम में आयोजित 17 वर्ष बालक क्रिकेट स्पर्धा में दुर्ग और बस्तर संभाग के बीच खेला गया मैच बेहद रोमांचक रहा। निर्धारित ओवरों में मैच टाई होने के बाद सुपर ओवर में बस्तर संभाग ने जीत हासिल की। एक अन्य मैच में रायपुर ने बिलासपुर संभाग को हराया। दुर्ग और सरगुजा संभाग के बीच खेले गए मुकाबले में दुर्ग ने जीत दर्ज कर अगले चरण में प्रवेश किया। मैच में पहले बल्लेबाजी करते सरगुजा की टीम 15 ओवर में 101 रनों पर सिमट गई। दुर्ग की ओर से गेंदबाजी करते कुणाल कश्यप ने 3 विकेट तथा गौरव व अंशु ने 2-2 विकेट चटकाए। जवाब में 102 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दुर्ग की टीम ने 13 ओवर में ही जीत हासिल कर ली। जिसमें वशी ने 36 और खिलेश ने 33 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। वहीं 19 वर्ष बालक क्रिकेट प्रतियोगिता में रायपुर संभाग ने दुर्ग को शिकस्त दी। जबकि दूसरे मुकाबले में बिलासपुर संभाग ने बस्तर को हराकर जीत अपने नाम की।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

खो-खो व फुटबॉल के रोमांचक मुकाबले

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

फतेह मैदान में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर-19 बालक-बालिका वर्ग की खो-खो एवं बालिका फुटबॉल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल, उत्साह और टीम भावना का प्रदर्शन किया।

प्रदेश के विभिन्न संभागों से पहुंची टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिला। खो-खो में बस्तर, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग की टीमों ने शानदार जीत दर्ज की, वहीं बालिका फुटबॉल में बस्तर और दुर्ग की टीमों ने अपना दबदबा कायम रखा। विशेष रूप से बस्तर की खिलाड़ी मीना ने एक ही मुकाबले में चार गोल दागकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार देवांगन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामना दी।



बालिका खो-खो में बिलासपुर और दुर्ग का दबदबा

अंडर-19 बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में बिलासपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रायपुर को 14 अंकों से पराजित किया। वहीं सरगुजा और दुर्ग के बीच खेले गए मुकाबले में दुर्ग की टीम ने बेहतरीन रणनीति, फुर्ती और आपसी समन्वय का प्रदर्शन करते हुए 15 अंकों के अंतर से जीत दर्ज की। मुकाबलों के दौरान खिलाड़ियों की चुस्ती, फुर्ती और खेल भावना देखने योग्य रही।

बालक खो-खो में बस्तर और रायपुर की शानदार जीत

अंडर-19 बालक वर्ग की खो-खो में बस्तर और बिलासपुर के बीच खेले गए पहले मुकाबले में बस्तर की टीम ने तालमेल और बेहतरीन खेल कौशल का परिचय देते हुए बिलासपुर को 16 अंकों से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में रायपुर और सरगुजा के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। अंततः रायपुर की टीम ने मात्र एक अंक के अंतर से जीत हासिल की।

बालिका फुटबॉल में बस्तर का उत्कृष्ट प्रदर्शन मीना ने चार गोल दागकर दिलाई जीत

बालिका फुटबॉल में बस्तर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। पहले मुकाबले में बस्तर ने रायपुर को 2-0 से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में दुर्ग की टीम ने बिलासपुर को 1-0 से हराकर जीत हासिल की। सबसे आकर्षक मुकाबला बस्तर और सरगुजा के बीच खेला गया, जिसमें बस्तर की टीम ने एकतरफा प्रदर्शन करते हुए सरगुजा को 5-0 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में बस्तर की खिलाड़ी मीना ने शानदार हैट्रिक पूरी करते हुए कुल चार गोल दागे। उनके बेहतरीन खेल कौशल और आक्रामक प्रदर्शन ने बस्तर की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खेल अधिकारियों और निर्णायकों का महत्वपूर्ण योगदान

प्रतियोगिता के सुव्यवस्थित और सफल संचालन में खेल अधिकारियों, संयोजकों, पर्यवेक्षकों और निर्णायकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फुटबॉल प्रतियोगिता में संयोजक अभिलेख सिंह, शेख अमीरुल, आशुतोष महोबिया, पर्यवेक्षक सपन जेना, रेफरी अजय रामटेके, सितांशु गुप्ता, शेखर पवार, मीनाक्षी नेताम, तनुजा कुजूर, साक्षी वर्मा निधि साहू ने योगदान दिया। इसी प्रकार खो-खो प्रतियोगिता के संचालन में नीलू सिंह, मोरेश्वर वर्मा, लेखराम वर्मा, राजेंद्र साहू, संजू कंवर, मोती साहू सहित अन्य खेल अधिकारियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन कन्हैया पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

देवकी विहार आवासीय प्लाट के लिए ऑफर : बाजपेयी

बिजनेस साइट

राजनांदगांव। मेडिकल कॉलेज रोड पर देवकी विहार आवासीय कॉलोनी बाजपेयी बंधुओं द्वारा विकसित की गई है, जहां 960 वर्ग फीट से 1200 वर्गफीट तक के प्लाट विक्रय हेतु उपलब्ध है। विशेष ऑफर के अंतर्गत दीपावली तक एडवांस के साथ बुकिंग करने पर रजिस्ट्री फीस में 50 प्रतिशत छूट दी जा रही है।

■ दीपावली तक रजिस्ट्री में 50 प्रतिशत छूट

देवकी विहार आवासीय कॉलोनी में अपने सपनों का घर बनाने का सुनहरा अवसर है। यहां के शांत वातावरण में शासन के सभी नियमों के अनुसार मान्यता प्राप्त कॉलोनी विकसित की गई है। यह कॉलोनी रेरा रजिस्टर्ड, नगर निगम एवं टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से एप्रुव्ड है। जिसमें सीमित 14 प्लाट उपलब्ध हैं।

इस कॉलोनी में 30 फुट एवं 25 फुट की रोड, नाली, बिजली, पानी जैसी संपूर्ण सुविधा दीपावली तक पूर्ण रूपेण धरातल पर उपलब्ध रहेगी। यही इस कॉलोनी की विशेषता है। इस कॉलोनी से मेडिकल कॉलेज मात्र 500 मीटर, नीरज पब्लिक स्कूल 100 मीटर, रेलवे स्टेशन 4.8 किमी, होटल राज इंपिरियल आधा किमी की दूरी पर स्थित है।

प्लॉट बुकिंग करने पर होम फाइनेंस जैसी सुविधा भी उपलब्ध है। यह प्लॉट मेडिकल कॉलेज रोड पर नीरज पब्लिक स्कूल के ठीक सामने काशी नगर फेज 3 से लगा हुआ है। देवकी विहार कॉलोनी आवासीय प्लाट वीरक बाजपेयी द्वारा विकसित की गई है।

सार समाचार

अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

राजनांदगांव। भारत की जनगणना 2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत जिला स्तरीय चार्ज अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, त्रुटिरहित एवं निर्धारित समय-सीमा में संपन्न कराने संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय रायपुर के संयुक्त निदेशक दीपक बी. गोदे एवं सहायक निदेशक कविन्द्र कुमार रंगारी ने मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया। इस दौरान जनगणना के द्वितीय चरण से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दायित्वों तथा जनगणना कार्य के सुचारू संचालन के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही जनगणना कार्य में आपसी समन्वय एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के पालन के महत्व पर प्रकाश डाला गया। प्रशिक्षण में अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, नगर पालिक निगम आयुक्त जीआर मरकाम, जिले के सभी एसडीएम, तहसीलदार, नगर पालिकाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सहायक चार्ज अधिकारी, जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायक उपस्थित थे।

दिवंगत पिता पर टिप्पणी, मर्यादाओं का उल्लंघन

राजनांदगांव। भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा बिहार के पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिवंगत पिता को लेकर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि सार्वजनिक जीवन में राजनीतिक विरोध की अपनी मर्यादाएं होती है। किसी भी नेता को राजनीतिक मतभेदों के चलते व्यक्तिगत एवं पारिवारिक विषयों को निशाना बनाने का अधिकार नहीं है। श्री पारख ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के करोड़ों नागरिकों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनके परिवार के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना न केवल राजनीतिक शिष्टाचार के विपरीत है, बल्कि सार्वजनिक संवाद की गरिमा पर भी सवाल खड़े करता है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे वरिष्ठ पद पर बैठे व्यक्ति से जिम्मेदार और संयमित भाषा की अपेक्षा की जाती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सरकार की नीतियों, कार्यप्रणाली और निर्णयों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन आलोचना तथ्यों और तर्कों पर आधारित होनी चाहिए। व्यक्तिगत टिप्पणियां राजनीतिक विमर्श को सकारात्मक दिशा देने के बजाय कटुता बढ़ाती है। देश की जनता ऐसे आचरण को उचित नहीं मानती। जिसमें राजनीतिक बहस के दौरान दिवंगत परिजनों को भी निशाना बनाया जाए।



राजमिस्त्री प्रशिक्षण का समापन

राजनांदगांव। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) राजनांदगांव में 30 दिवसीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन 25 अक्टूबर को किया गया। यह प्रशिक्षण 26 सितंबर से 25 अक्टूबर तक संचालित किया गया। शासन की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्ष्यों को पूरा करने के उद्देश्य से प्रत्येक जिले में अधिक से अधिक कुशल राजमिस्त्रियों को तैयार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में आरसेटी राजनांदगांव द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को राजमिस्त्री कार्यों से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक जानकारियां दी गई। इनमें चिनाई, प्लास्टर, कंक्रीट कार्य, सेंटरिंग कार्य, निर्माण कार्यों के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां तथा टूलकिट के उचित रखरखाव जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल रहे। इसके साथ ही प्रशिक्षुओं को बैंकिंग, बचत एवं उद्यमिता से संबंधित जानकारी भी प्रदान की गई, ताकि वे तकनीकी कौशल के साथ-साथ आर्थिक प्रबंधन एवं स्वरोजगार की दिशा में भी आगे बढ़ सकें। संस्थान के संकाय सदस्य प्रेमचन्द साहू द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को इन सभी विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता बढ़ाना, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में सुधार करना तथा प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है।



बाला बाबा मंदिर में मना शरद पूर्णिमा पर्व

राजनांदगांव। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा एवं अभिषेक चौबे ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शरद पूर्णिमा पर्व राम जानकी बालाबाबा मंदिर में अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, प्रदेश सचिव डोमन महाराज, प्रभारी निखिल वैष्णव की उपस्थिति में हर्षोल्लास से मनाया गया। संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि शरद पूर्णिमा को कोजागिरी पूर्णिमा, रास पूर्णिमा अथवा कोमुदी पुर्णिमा भी कहा जाता है। यह पर्व वर्षा ऋतु का समापन एवं शरद ऋतु का आगमन का प्रतीक है। रात्रि 12बजे तक खीर को छत पर खुले आसमान पर रखकर ठाकुर जी शालिग्राम की पूजा कर खीर प्रसादी भक्तों को बांटा गया। उक्त अवसर पर मुकेश सोनी, रामचंद्र नामदेव, सुभाष श्रीवास्तव, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, रुपमति निर्वाणी, ज्ञानेश्वर वैष्णव, गिरिश परिहार, शकुंतला परिहार, उषा श्रीवास्तव, तनु दुबे, नेहा यादव, पूजा श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव, विरेन्द्र यादव शामिल थे। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं तारक निर्मोही ने संयुक्त रूप से दी।



नाक के रास्ते निकाला पिट्यूटरी ट्यूमर

राजनांदगांव। 45 साल की उम्र में बीमारी ने जब चिंता बढ़ाई, तब मरीज और उसके परिवार के सामने सबसे बड़ी चुनौती मस्तिष्क के बेहद संवेदनशील हिस्से में मौजूद ट्यूमर का सुरक्षित उपचार था। ऐसे चुनौतीपूर्ण मामले में आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह ने आधुनिक एंडोस्कोपिक तकनीक की मदद से मरीज की जटिल सर्जरी सफलतापूर्वक पूरी की। मरीज के पिट्यूटरी क्षेत्र में मौजूद ट्यूमर को नाक और स्फेनॉइड हड्डी के रास्ते ट्यूमर निकालना तकनीक के जरिये निकाला गया। इस प्रक्रिया में नाक के रास्ते एंडोस्कोपिक उपकरणों की मदद से पिट्यूटरी क्षेत्र तक पहुंच बनाई गई और ट्यूमर को निकालने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस तकनीक का एक प्रमुख लाभ यह है कि उपयुक्त मामलों में मस्तिष्क तक पहुंचने के लिए पारंपरिक तरीके से सिर खोलने की आवश्यकता नहीं होती। पिट्यूटरी ग्रंथि शरीर की महत्वपूर्ण हार्मोनल गतिविधियों को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाती है। यह ग्रंथि शरीर के विकास, मेटाबॉलिज्म और कई अन्य हार्मोनल कार्यों के नियमन से जुड़ी होती है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में मौजूद ट्यूमर की सर्जरी के दौरान अत्यधिक सावधानी और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है। डॉ. कुलदीप सिंह के नेतृत्व में मेडिकल टीम ने एंडोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से नाक के रास्ते पिट्यूटरी क्षेत्र तक पहुंच बनाकर ट्यूमर को निकालने की प्रक्रिया पूरी की। आधुनिक तकनीक के कारण सर्जरी के दौरान आसपास के महत्वपूर्ण हिस्सों को सुरक्षित रखने पर विशेष ध्यान दिया गया।



कलेक्टर ने की समय-सीमा की बैठक में योजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा

जिले के 122 केंद्रो में 15 नवंबर से शुरू होगी धान की सरकारी खरीदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने राज्योत्सव के अवसर पर जिले में 2 नवम्बर 2026 को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राज्योत्सव की सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।कलेक्टर ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 में विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं उनके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की।

उन्होंने विभाग प्रमुखों को उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की प्राथमिकता से समीक्षा कर समय-सीमा में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। न्यायालयीन प्रकरणों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने की हिदायत दी। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल हटाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा, पीजीएन, पीजी पोर्टल एवं जनदर्शन के लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा की।



सात हजार घरों में लगा सोलर

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश -कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा करते हुए बैंकों द्वारा आवेदनों के निराकरण में अनावश्यक विलंब एवं धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर ने बताया कि जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अब तक 15 हजार 653 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा 7 हजार 744 हितग्राही लाभान्वित हो चुके हैं। उन्होंने पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

कैमरों से निगरानी

उन्होंने अवैध धान परिवहन की रोकथाम के लिए जिले के सभी चेक पोस्टों पर 1 नवम्बर से सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में सघन जांच करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने के लिए चेक पोस्ट स्थापित कर लगातार जांच एवं सख्त कार्रवाई करने कहा। शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल हटाने के निर्देश दिए।

धान खरीदी की तैयारियां

कलेक्टर ने आगामी धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए सभी धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिले में 26 नए धान खरीदी केन्द्रों के विस्तार के बाद अब कुल 122 केन्द्रों में धान खरीदी की जाएगी। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में सुविधा होगी। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य पूर्ण कर चुके ठेकेदारों का लंबित भुगतान शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भुगतान की प्रक्रिया में तेजी लाते हुए आवश्यक कार्रवाई करने कहा।

स्कूलों में टीका के कैंप

हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं निगरानी सुनिश्चित करने के दिए निर्देश - कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की अनिवार्य रूप से स्क्रीनिंग करने तथा उनके स्वास्थ्य की विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। जिले में अब तक 8 हजार 499 किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा चुकी है।

घर का ताला तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर का ताला तोड़कर चोरों ने घर में रखे सामानों की चोरी कर ली। जिसकी रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत गत रात्रि ग्राम मचानपार स्थित एक घर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोर भीतर प्रवेश किए और घर से एक नग टीवी एवं रिसीवर, एक गैस सिलेण्डर, दो नग पीतल का गघरा, 2 नग पीतल का लोटा, 2 नग पीतल की थाली, एक नग पीतल का गंज को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

आभूषण चोरी

इधर छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत भी चोरी की घटना हुई। पुलिस के अनुसार ग्राम केशोटोला स्थित एक घर से नीले रंग के बैग में रखे 1 सोने का नेकलेस, 4 नग सोने का खिनवा, सोने का पत्ती दाना नौ नग, चांदी की बिछिया 1 जोड़ी, एक सेट चांदी का करधन, चांदी की पायल 1 सेट, चांदी का छन्नी, चांदी का लाकेट, चांदी की पायल 2 सेट को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। इस घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

संवैधानिक आरक्षण बचाने धरना प्रदर्शन

- संवैधानिक अधिकारों को लेकर रैली, एससी-एसटी-ओबीसी वर्ग ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों के संवैधानिक अधिकारों को लेकर जन न्याय युवा वर्ग जेन-जी के बैनर तले महावीर चौक के समीप फ्लाई ओवर के नीचे एक दिवासीय धरना प्रदर्शन और रैली का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शन में एसटी, एससी और ओबीसी वर्ग के लोग शामिल हुए। धरना प्रदर्शन और रैली के माध्यम से विधानसभा अध्यक्ष के नाम आरक्षण नियमों के पालन को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

जेन-जी युवा वर्ग छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में आयोजित इस संवैधानिक आरक्षण बचाओ रैली के माध्यम से एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा से जुड़े मुद्दों को लेकर आवाज बुलंद की गई। रैली में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से युवा, विद्यार्थी, कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता और समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं रैली के माध्यम से अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में आरक्षण लागू करने की मांग की गई।



विभिन्न मांगों पर प्रदर्शन

इस प्रदर्शन के माध्यम से आरक्षण नियमों का क्रियान्वयन, बैकलॉग पदों पर विशेष भर्ती अभियान चलाने, अनुसूचित जाति और जनजाति योजनाओं के बजट में वृद्धि और लाभ देने, आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने, सामाजिक न्याय एवं प्रतिनिधित्व की रक्षा, सरकारी संस्थाओं के निजीकरण का विरोध, छात्रवृत्ति बढ़कर 3 करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया।

आउटसोर्सिंग से भर्ती का विरोध

प्रदर्शन को संबोधित करते समाज के लोगों ने कहा कि एसटीएससी और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है। आउटसोर्सिंग के माध्यम से पदों पर भर्ती किए जाने से आरक्षण नियम का पालन नहीं हो रहा है। रैली के माध्यम से एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के संवैधानिक अधिकारों, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दों को उठाया गया।

धरना प्रदर्शन कर निकाली गई रैली में मांगों की तख्ती लेकर प्रदर्शनकारी चल रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपनी मांगों का ज्ञापन विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल को सौंपा।

आईजी ने दिए पुलिस कार्यों में पारदर्शिता व विवेचना की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश

- आईजी ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग कर अधिकारियों की ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव अजय कुमार यादव द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेंज के ईकाईयों के सभी पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित अपराध सहित विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने पुलिस कार्यों में पारदर्शिता एवं विवेचना की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए।

पुलिस महानिरीक्षक रेंज राजनांदगांव अजय कुमार यादव द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से रेंज के इकाइयों के सभी नगर पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुभागवार लंबित अपराध, चालान, मर्ग, गुम इंसान, सदरी शिकायत तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं विभागीय कार्यों की एजेंडा बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की गई।



लापरवाही पर करें कार्रवाई

उन्होंने विवेचना की गुणवत्ता में सुधार तथा पुलिस कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।साथ-साथ विवेचना की गुणवत्ता, जवाबदेही एवं समयबद्ध कार्रवाई को विशेष प्राथमिकता दी गई। लंबित प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग, शिकायतों पर विधिसम्मत कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में अपराध नियंत्रण, पुलिस कार्यों में पारदर्शिता एवं विवेचना की गुणवत्ता में सुधार तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कर्मचारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने निर्देश दिया गया।

अधिकारी हुए शामिल

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम हेमसागर सिदार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केसीजी रूपेश कुमार दान्डे के साथ जिला राजनांदगांव, कबीरधाम, केसीजी और एमएमसी के समस्त पुलिस अनुविभागीय अधिकारी तथा पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गीता वाधवानी, उपपुलिस अधीक्षक नवी मोनिका पांडे उपस्थित रहे।

अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ

राजनांदगांव। सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 मनाए जाने शासन निर्देशानुसार सोमवार को प्रथम दिवस नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को नगर निगम आयुक्त जीआर मरकाम ने सत्यनिष्ठा के लिए शपथ दिलाई।

शासन से 26 अक्टूबर से 1 नवम्बर 2026 तक सत्यनिष्ठा से समृद्धि थीम पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाने निर्देश प्राप्त हुए है। जिसके अंतर्गत प्रथम दिवस सत्यनिष्ठा के लिए शपथ लिया जाना है। निर्देशानुसार आयुक्त श्री मरकाम ने अधिकारी-कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि मेरा मानना है कि भ्रष्टाचार हमारी देश की आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक प्रगति में एक प्रमुख बाधा रहा है, भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने सरकार, नागरिक और निजी क्षेत्र जैसे सभी हितधारकों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। हम समझाते हैं कि प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहना चाहिए और हर समय ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों का पालन करना चाहिए एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ लडाई में सहयोग देना चाहिए। इस अधार पर जीवन के सभी क्षेत्रों में ईमानदारी और कानून के शासन का पालन करने, न तो रिश्वत लेना और न ही रिश्वत दे कार्यो को ईमानदारी और पारदर्शिता से करने, जनहित में कार्य करने, व्यक्तिगत व्यवहार में सत्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत करने तथा भ्रष्टाचार की किसी भी घटना की सूचना उचित एजेंसी को देने शपथ ली गई।



युवा मोर्चा ने फूंका खड़गे का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा एक सभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर की गई टिप्पणी के बाद उनके खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं में जमकर आक्रोश है। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने मल्लिकार्जुन खड़गे का पुतला फूंका और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा किए गए अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शहर के महाकाल चौक पर कांग्रेस अध्यक्ष का पुतला जलाते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आक्रोश व्यक्त कर जमकर नारेबाजी की।



इस अवसर पर समीर श्रीवास्तव, सुनील सेन, आशीष सोरी, रिभय यादव, आशुतोष सिंह, उज्जवल कसेर, नोवल वर्मा, हिमांशु सोनवानी, आदित्य पराते सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए।

उग्र आंदोलन की चेतावनी

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष चिन्टू सोनकर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। राजनीति में आरोप-प्रत्यारोप होता है, लेकिन व्यक्तिगत आरोप स्वीकार नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कुंठित मानसिकता से कार्य कर रही है। युवा मोर्चा द्वारा चेतावनी देते कहा गया कि कांग्रेस द्वारा इसी तरह से बयानबाजी जारी रहा तो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ उग्र आंदोलन होगा और कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया जाएगा।

टीम ने की बिरयानी सेंटर की जांच, सिलेंडर जब्त

अतिक्रमण दस्ते ने हटाया बंद ठेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम द्वारा सुगम आवागमन एवं पार्किंग के लिए अतिक्रणम हटाने की कार्रवाई कर रही है। वहीं अतिक्रमण कर एवं अवैध रूप से मांस विक्रय करने वालों के विरूद्ध नगर निगम, खाद्य एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई करने शहर में मांस विक्रय करने वालों का लाईसेंस एवं खाद्य सुरक्षा संबंधी दस्तावेज तथा फुट क्वालिटी व सिलेंडर की जांच की जा रही है।

कार्रवाई की कड़ी में सोमवार को आजाद चौक में पार्किंग स्थल के पास बंद पड़े अवैध ठेला नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता द्वारा हटाया गया। वहीं अवैध मांस-मटन विक्रय करने वाले होटल, दुकान व ठेला की जांच की कड़ी में नगर निगम, खाद्य, खाद्य व औषधि तथा पुलिस विभाग की संयुक्त टीम पुराना बस स्टैंड के बिरयानी सेंटरों में दबिश देकर लाईसेंस और खाद्य सुरक्षा विभाग की अनुमति तथा साफ-सफाई एवं सिलेंडर आदि की जांच की। जिसमें एवन बिरयानी सेन्टर में व्यवसायिक के स्थान पर घरेलू सिलेण्डर का उपयोग किया जा रहा था, जहां से 3 सिलेण्डर जब्त किए गए तथा खाद्य समाग्री का सेम्पल लिया गया।

इसी प्रकार होटल अंसारी, कैफे मदीना एवं अन्य बिरयानी सेन्टर से भी चिकन बिरयानी का खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा जांच करने सेम्पल लिया गया तथा लाईसेंस संबंधी दस्तावेज की जांच की गई। गत दिनों फ्लाई ओवर के नीचे बिरयानी सेन्टर की लाईसेंस एवं दस्तावेज की जांच की गई थी। उक्त स्थल के बिरयानी सेन्टर बंद पाए गए। निगम एवं प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा लाईसेंस एवं खाद्य सामग्री, साफ-सफाई व सुरक्षा की जांच कर बिना फूड लाईसेंस एवं अवैध मांस विक्रय पर कार्रवाई की जा रही है।





खबर संक्षेप

सुहागिन महिलाएं करवा चौथ की तैयारी में जुटीं

कोलेगांव। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में करवा चौथ पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ करवा चौथ व्रत की तैयारियों में जुट गई हैं। करवा चौथ को लेकर बाजारों में करवा, पूजा सामग्री और श्रृंगार के अन्य सामानों की दुकानें सजने लगी हैं।



सुहागिन महिलाएं गुरुवार को निर्जला व्रत रखेंगी, इस पर्व को खास बनाने के लिए नवविवाहित महिलाओं में भी विशेष उत्साह है। महिलाएं पूरे दिन उपवास रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं और चंद्रमा के दर्शन के बाद व्रत का पारण करती हैं।

बिपतरा स्कूल में चिरायु स्वास्थ्य परीक्षण

कवर्धा। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के माध्यम से कवर्धा विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बिपतरा में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य शिविर के सफल संचालन में विद्यालय की प्रधान पाठिका श्रीमती जानकी शुक्ला एवं शिक्षक मोहनीश यदु का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूली के दर्ज सभी बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच करना और समय पर किसी भी स्वास्थ्य समस्या की पहचान कर उसका उचित उपचार सुनिश्चित करना था। उपस्थित विद्यार्थियों का सफलतापूर्वक इलाज किया गया, इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर को सफल बनाने में आरबीएसके टीम के प्रभारी डॉ वेणुकिरण महन्त व डॉ राकेश वर्मा के नेतृत्व में वर्षा तिवारी व अजय कुर्रे चिकित्सा दल ने पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ अपनी सेवाएं दीं। इस प्रकार के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अभियानों से ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है और समय पर उपचार मिलने से बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित हो रहा है।



दिल्ली पब्लिक स्कूल में रन फॉर हेल्थ का आयोजन

कवर्धा। जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था दिल्ली पब्लिक स्कूल कवर्धा में गत दिनों सोमवार को विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, शारीरिक फिटनेस एवं नियमित व्यायाम के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हेल्थ फॉर रन अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली, खेलकूद एवं नियमित शारीरिक गतिविधियों के प्रति रुचि विकसित करना था। विद्यालय में आयोजित इस अभियान की थीम हेल्दी बॉडी, ब्राइट फ्यूचर रही। इसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को नियमित दौड़, व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त मात्रा में पानी पीने तथा सकारात्मक सोच अपनाने के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को संदेश दिया गया कि स्वस्थ शरीर ही उज्जवल भविष्य का आधार है। नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शरीर को स्वस्थ एवं ऊर्जावान बनाए रखती हैं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास और अनुशासन को भी बढ़ावा देती हैं। विद्यार्थियों को अपने दैनिक जीवन में व्यायाम एवं खेलकूद को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय के स्पोर्ट्स टीचर गोपेश्वर के मार्गदर्शन में तथा सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को सक्रिय, अनुशासित एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।



भगतपुर-घोघरा सड़क का होगा निर्माण, वनांचल के किसानों को मिलेगी राहत

विधायक ने 6.54 करोड़ के कार्यों का किया लोकार्पण व भूमिपूजन

- वनांचल क्षेत्र के किसानों को मिलेगी सीधी कनेक्टिविटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक भावना बोहरा ने पांडातराई मंडल के अंतर्गत 6 करोड़ 54 लाख 48 हजार रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इनमें 6 करोड़ 12 लाख 10 हजार रुपए की लागत से भगतपुर से घोघरा तक 3.50 किलोमीटर सड़क निर्माण का भूमिपूजन प्रमुख है। इस सड़क के बनने से वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों, किसानों और व्यापारियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

भगतपुर से घोघरा तक सड़क निर्माण क्षेत्रवासियों की लंबे समय से लंबित मांग रही है। सड़क बनने से भगतपुर, घोघरा, मिन्झौरी, खैरझिटी सहित कुई-कुकदुर वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा। विशेषकर सब्जी उत्पादक किसानों और व्यापारियों को अपनी उपज पांडातराई तक पहुंचाने में आसानी होगी। वहीं, जिला मुख्यालय आने-जाने के लिए लंबी दूरी तय करने की परेशानी भी कम होगी। विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने ग्राम पाढ़ी में 11 लाख 69 हजार रुपए की लागत से निर्मित आंगनबाड़ी भवन और 5 लाख रुपए के अटल डिजिटल सेवा केंद्र का लोकार्पण किया।

वहीं, ग्राम खैरझिटी पुराना में 11 लाख 69 हजार रुपए की लागत से बने आंगनबाड़ी भवन तथा 14 लाख रुपए की लागत से निर्मित चेकडैम का लोकार्पण किया। इन कार्यों से बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिलने के साथ ग्रामीणों को डिजिटल सेवाओं तथा जल संरक्षण का लाभ मिलेगा।

इस कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।



गांव-गांव तक सुविधाएं पहुंचाना मेरी प्राथमिकता: भावना

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा के प्रत्येक गांव तक सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति दे रही है। भगतपुर-घोघरा सड़क से किसानों, व्यापारियों और ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा, वहीं आंगनबाड़ी भवनों और चेकडैम से स्थानीय जरूरतें पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि पंडरिया विधानसभा में बीते वर्षों में एक हजार करोड़ रुपए से अधिक के विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्य हुए हैं। पेयजल, जल आवर्धन और सिंचाई से जुड़ी 300 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं पर भी काम हो रहा है। गांवों और वनांचल क्षेत्रों तक सड़क, पुल-पुलिया, बिजली, प्रकाश व्यवस्था, नाली तथा पेयजल जैसी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। विकास कार्यों का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा।

विकसित भारत जी-राम जी योजना ने पकड़ी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के 442 ग्राम पंचायतों में 977 निर्माण कार्य विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीणों की मांग पर खोले गए हैं। जिसमें 41945 ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति के निर्देशानुसार जिले के ग्राम पंचायतों में बड़ी मात्रा में श्रम मूलक कार्य जिला पंचायत द्वारा प्रारंभ किया गया हैं। योजना अंतर्गत प्रतिदिन निर्माण कार्यों में श्रमिकों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है और ग्रामीणों को अपने गांव में रोजगार मिल रहा है। नया तालाब निर्माण, पुराने तालाबों का गहरीकरण, डबरी निर्माण, आजीविका डबरी, कंटूर ट्रेंच निर्माण, बालिका शौचालय, मुक्तिधाम शेड निर्माण एवं कच्ची नाली निर्माण जैसे अनेक कार्य चल रहे है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि जी राम जी योजना प्रारंभ दिनांक 1 जुलाई 2026 से अब तक 368753 मानव दिवस का रोजगार ग्रामीणों को प्राप्त हो चुका है। योजना अंतर्गत कार्य पूरा करने पर प्रतिदिन 300 का मजदूरी भुगतान ग्रामीणों को मिल रहा है। वर्तमान में जिले के 442 पंचायतो में कार्य हो रहे हैं। एनएमएमएस के द्वारा कार्यरत श्रमिकों की फेस ऑथेंटिकेशन के द्वारा हाजिरी दर्ज की जा रही है।

कबीरधाम के चार खिलाड़ियों का छग हॉकी लीग में चयन

चक्रधर चैंपियंस, बैलाडीला बुल्स और संस्कारधानी टाइटंस में मिली जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ में हॉकी खेल को बढ़ावा देने और प्रदेश की प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में जिले के चार खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों शैलेंद्र वर्मा, करण वर्मा, आदित्य मेरावी और रोशन राजपूत ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर अलग-अलग टीमों में जगह बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है। इन खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में उनके कोच अविनाश चौहान का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उनके मार्गदर्शन, नियमित प्रशिक्षण, अनुशासन और खिलाड़ियों को लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने से खिलाड़ी हॉकी के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहे हैं। खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने और उन्हें बेहतर अवसरों के लिए तैयार करने में लगातार प्रयासरत हैं। उनके मार्गदर्शन में खिलाड़ी जिला स्तर से आगे बढ़कर राज्य और उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा दिखाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के लिए जिले के चार खिलाड़ियों का चयन निम्नलिखित टीमों में हुआ है जिसमें शैलेंद्र वर्मा चक्रधर चैंपियंस, करण वर्मा बैलाडीला बुल्स, आदित्य मेरावी बैलाडीला बुल्स, रोशन राजपूत संस्कारधानी टाइटंस इन खिलाड़ियों के चयन से जिले के खेल प्रेमियों और हॉकी खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल है।









छह टीमों के बीच होगा रोमांचक मुकाबला

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग में कुल छह टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चक्रधर चैंपियंस, बैलाडीला बुल्स, राजधानी रॉयल्स, संस्कारधानी टाइटंस, मैनपाट टाइटंस और न्यायधानी टाइटंस शामिल हैं। इन टीमों के बीच होने वाले मुकाबलों से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने और उच्च स्तर की प्रतियोगिता का अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक होंगे मुकाबले

छत्तीसगढ़ हॉकी लीग के मुकाबले 31 अक्टूबर से 1 नवंबर तक निर्धारित हैं। इस दौरान विभिन्न टीमों के खिलाड़ी मैदान पर अपना कौशल दिखाएंगे। यह आयोजन प्रदेश में हॉकी को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को भविष्य की उच्च स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण अवसर साबित हो सकता है।

तैयारी: घरों की लिपाई पुताई में जुटे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों गांव-गांव में लोग अपने कच्चे मकानों की मिट्टी को गीली कर घर-द्वार की साफ-सफाई, लिपाई-पुताई में जुट गए हैं। वहीं दूसरी तरफ गांव-गांव पहुंचकर कुंभकार लोग मिट्टी के दीये बनाकर बेच रहे हैं और अच्छी आमदनी कमा रहे हैं।

ग्रामीण लोग जमकर खरीददारी भी कर रहे हैं। बताया जाता है कि दीपावली में मिट्टी के दीये का विशेष महत्व होता है, अमीर और गरीब दोनों के घर-आंगन, द्वार और धार्मिक स्थलों को मिट्टी के दीये से रोशन किया जाता है, जिसे शुभ माना जाता है। दीपावली पर घरों की साफ-सफाई, विभिन्न प्रकार की रंग-रोगन से घरों और तुलसी चौरा को सजाया जाता है।

आंगन, द्वार, दीवार और मकान की साफ-सफाई के बाद दीपावली के दिन दीप जलाकर घरों में प्रकाश किया जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने पर घर में महालक्ष्मी के साथ धन का प्रवेश होता है। जिसकी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। दीपावली का त्यौहार पांच दिनों तक धूमधाम से आतिशबाजी के साथ मनाया जाता है और घर-घर मिट्टी के दीये से रौशन किया जाता है।

जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया

- परियोजना का उद्देश्य जैविक कचरे का सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण व पौधों के लिए उपयोगी खाद तैयार करना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के जिला स्तरीय आयोजन में शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा में कक्षा दसवीं की छात्राओं मेघा डिंडोरे एवं ममता जांगड़े ने विज्ञान व्याख्याता श्रीमती पूनम तिवारी के मार्गदर्शन में अपना विज्ञान प्रोजेक्ट प्रस्तुत किया।

छात्राओं ने सेजेस दुर्गावती चौक कवर्धा में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जैविक खाद का पौधों की वृद्धि पर प्रभाव विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। यह परियोजना राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की मुख्य थीम सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार तथा उप-विषय भोजन, कृषि एवं स्वास्थ्य के अंतर्गत तैयार की गई थी। परियोजना के माध्यम से छात्राओं ने घरों एवं विद्यालयों से निकलने वाले जैविक कचरे, जैसे सब्जियों के



छिलकों और सूखी पत्तियों का उपयोग करके जैविक खाद तैयार करने की संभावनाओं का अध्ययन किया। उन्होंने खाद बनाने की विभिन्न विधियों की तुलना, उनके अवलोकन तथा पौधों की वृद्धि पर खाद के प्रभाव को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाने का प्रयास किया। इस परियोजना का प्रमुख उद्देश्य जैविक कचरे का सदुपयोग, पर्यावरण संरक्षण तथा कम लागत में पौधों के लिए उपयोगी खाद तैयार करने के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। प्रस्तुति के दौरान निर्णायक के रूप में स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक तथा एबीओ श्रीमती प्रार्थना शर्मा उपस्थित रहीं।

निर्णायकों ने छात्राओं की प्रस्तुति, विषय की समझ और स्थानीय संसाधनों पर आधारित वैज्ञानिक सोच की सराहना की। विज्ञान व्याख्याता श्रीमती पूनम तिवारी के मार्गदर्शन में छात्राओं ने स्थानीय समस्या को वैज्ञानिक अध्ययन से जोड़ने का प्रयास किया।

इस परियोजना के माध्यम से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और सतत विकास की भावना को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार ने छात्राओं के प्रयास एवं मार्गदर्शक शिक्षिका के योगदान की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

जीवन संगिनी का नाम पेंशन आदेश में दर्ज नहीं तो परिवार पेंशन में परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पेंशनर्स अपने पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) की जांच कर लें और सुनिश्चित करें कि उसमें जीवनसाथी का नाम दर्ज है या नहीं। सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा के पेंशनर प्रकोष्ठ के संयोजक इंजीनियर एसएस जैन ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में आयोजित पेंशनर्स की बैठक में यह जानकारी सामने आई कि कई पेंशनर्स के पेंशन आदेश में उनके जीवनसाथी का नाम दर्ज नहीं है। उन्होंने कहा कि पेंशन अभिलेखों में जीवनसाथी का नाम दर्ज होना आवश्यक है, ताकि पेंशनर के निधन के बाद परिवार पेंशन की पात्रता और उसके भुगतान में अनावश्यक परेशानी न हो। जिन पेंशनर्स के पीपीओ में जीवनसाथी का नाम दर्ज नहीं है, वे जिला कोषालय से संपर्क कर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कराएं।

इंजीनियर श्री जैन ने पेंशनर्स से आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य अभिलेखों में जीवनसाथी का नाम एक समान रखने की अपील की है। हिंदी या अंग्रेजी में नाम दर्ज होने के साथ उसकी मात्रा और वर्तनी में भी एकरूपता होनी चाहिए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के साथ वर्तमान में सेवारत कर्मचारी भी अपनी सेवा पुस्तिका और अन्य अभिलेखों की जांच कर आवश्यक सुधार करा लें।

उन्होंने बताया कि यदि किसी कर्मचारी या पेंशनर का पुत्र अथवा पुत्री शारीरिक या मानसिक रूप से दिव्यांग है, तो मेडिकल बोर्ड से निर्धारित प्रमाणपत्र प्राप्त कर नियमानुसार पेंशन अभिलेखों में उसका नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी की जा सकती है। इस महत्वपूर्ण विषय पर पेंशनर्स का ध्यान आकर्षित करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा के प्रबंधक के प्रति सीनियर सिटीजन समिति ने आभार व्यक्त किया है।

मेगा पालक बैठक में शिक्षा की गुणवत्ता पर हुआ मंथन

पालकों ने डिजिटल नवाचारों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी में मेगा पालक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में पालकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। इस दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, मासिक परीक्षा परिणाम, आगामी बोर्ड परीक्षा की तैयारी तथा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में शिक्षकों ने पालकों को विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम एवं अध्ययन स्तर की जानकारी देते हुए आगामी बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन के लिए नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और निरंतर अभ्यास के महत्व को समझाया। साथ ही विद्यालय में अनियमित रूप से आने वाले विद्यार्थियों की उपस्थिति सुधारने पर विशेष जोर दिया गया। पालकों से आग्रह किया गया कि वे



बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा घर पर पढ़ाई के लिए निश्चित समय निर्धारित कर उन्हें अनुकूल शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर शिक्षकों ने विद्यालय में संचालित विभिन्न शैक्षणिक नवाचारों एवं गतिविधियों की जानकारी भी साझा की। विशेष रूप से डिजिटल शैक्षणिक सामग्री के माध्यम से पढ़ाई को सरल, रोचक एवं प्रभावी बनाने के प्रयासों से पालकों को अवगत कराया गया। विद्यालय में किए जा रहे इन नवाचारों को देखकर पालकों ने प्रसन्नता व्यक्त की और विद्यार्थियों के लिए इन्हें उपयोगी एवं लाभदायक बताते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

बैठक में शिक्षकों एवं पालकों ने अपने-अपने सुझाव साझा किए तथा बच्चों की पढ़ाई में आ रही समस्याओं के समाधान पर विचार-विमर्श किया। सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम और सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय एवं परिवार के बीच निरंतर समन्वय आवश्यक है। इसी उद्देश्य से विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, अध्ययन में सुधार और आगामी परीक्षा की बेहतर तैयारी के लिए आवश्यक कार्ययोजना पर भी चर्चा की गई। पालकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति, शिक्षा के प्रति उनकी जागरूकता तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए उनकी सक्रिय सहभागिता ने बैठक को सार्थक बनाया। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, पालक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

आठ लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा। कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत दो विपत्तिग्रस्त परिवार को 08 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान सहायता राशि की स्वीकृति प्रदान की है। इस प्रकरण के तहत विपत्तिग्रस्त परिवार को चार लाख रूपए दी जाएगी। इसके तहत ग्राम धूमाझापर निवासी तितरू की नदी में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त श्रीमती फुलबाई को और ग्राम कोदवागोड़ान निवासी गितेश कुमार की तलाब में डूबने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त उनके पिता अरूण कुमार को राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

बैगा बच्चों की मौत को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बैज पहुंचे ग्राम नंदिनी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के बैगा बहुल ग्राम नंदिनी में बच्चों की मौत का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है।

मामले में पहले कांग्रेस विधायक दल की जांच टीम गांव और पोषण पुनर्वास केन्द्र पहुंचकर बच्चों की स्थिति की जानकारी ले चुकी है। इसी कड़ी में मंगलवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरियाव व विधायक जनक राम धुर्व ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ एनआरसी केंद्र पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

उन्होंने प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर बच्चों के स्वास्थ्य और उपचार की जानकारी ली। इसके बाद कांग्रेस नेताओं ने नंदिनी गांव पहुंचकर जमीनी हालात का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने बैगा बच्चों की मौत की घटनाओं पर चिंता जताते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि आदिवासी और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पीवीटीजी) में शामिल बैगा समुदाय के बच्चों की मौत का मामला बेहद गंभीर है। उन्होंने मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले के बिरसा विकासखंड में भी बैगा बच्चों की मौत की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय राहुल गांधी ने मामले को संज्ञान में लिया था। एनआईसी केंद्र में श्री बैज एवं श्री भूरिया ने कुपोषित बच्चों से मुलाकात की बच्चों को खाना भी अपने हाथों से खिलाए डॉक्टरों से व्यवस्था के विषय में भी जानकारी ली और कोई कमी होने पर उन्होंने साफ बताने को कहा।

अभी तक नहीं पहुंचे हैं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि



बैज ने आरोप लगाया कि इतनी गंभीर घटना के बाद भी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों का प्रभावित परिवारों के बीच नहीं पहुंचना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बच्चों की मौत के मामलों को गंभीरता से लेते हुए सरकार को जवाबदेही तय करनी चाहिए और प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता उपलब्ध करानी चाहिए।

बोड़ला रेस्ट हाउस में कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

एनआरसी केंद्र और नंदिनी गांव के दौरे के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज एवं आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया ने रेस्ट हाउस में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। दोनों नेताओं के आगमन की सूचना पर बोड़ला सहित आसपास के गांवों और विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नवीन जायसवाल, शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष सीमा अगम अंनत, युवा नेता कलीम खान सहित आनंद सिंह ठाकुर, बंटी खान, रामचरण साहू, सावित्री साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, खोरबहरा साहू, सुधांशु बघेल,अगम दास तुलसी पटेल, मनमोहन अवस्थी, मुखीराम धुर्वे, शिवप्रसाद वर्मा, गोरे चंद्रवंशी, राजेंद्र सहित बड़ी संख्या में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समस्या: संभावित बारिश को लेकर कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

जिले में दिखने लगा चक्रवाती तूफान का असर, बदला अंचल का मौसम

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

बंगाल की खाड़ी से उठे बहुत ही प्रचंड चक्रवाती तूफान अर्नब को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य सहित कबीरधाम जिले में 28 एवं 29 अक्टूबर को भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है और इस चक्रवाती तूफान का असर जिले में 27 अक्टूबर से ही दिखाई देने लगा है। 27 अक्टूबर को कवर्धा सहित अंचल के कई इलाकों में सुबह से ही आसमान में बदली छाई रही है और हल्की तेज ठंडी हवा के झोंके भी महसूस किए गए।

इस दौरान कवर्धा व आसपास के ईलाकों में दोपहर में हल्की बूंदा बांदी भी देखने को मिली। ऐसे में अब लोगों की निगाहें 28 एवं 29 अक्टूबर पर टिकी हुई है। चक्रवात को लेकर जिला प्रशासन भी पूरी तरह से चौकस नजर आ रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने मंगलवार को अधिकारियों की बैठक लेकर ग्राम पंचायत स्तर पर सतर्कता बरतने और संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि संभावित तेज बारिश, बाढ़, जलभराव और अन्य आपात परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में पहले से तैयारी रखना जरूरी है।

सभी ग्राम पंचायतों में जन-धन एवं पशुधन की सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य किया जा सके। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेंद्र पैकरा, आरपी आचला, सागर सिंह राज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।



कंट्रोल रूम सक्रिय रखने के निर्देश

कलेक्टर ने जनपद पंचायत स्तर पर नियंत्रण कक्ष एवं संपर्क व्यवस्था सक्रिय रखने तथा ग्राम पंचायतों से मिलने वाली सूचनाओं पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत सचिवों को अपने मुख्यालय में उपलब्ध रहने और किसी भी गंभीर स्थिति की सूचना तत्काल प्रशासन को देने को कहा गया। उन्होंने सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, जनपद पंचायत को अपने क्षेत्रों में तैयारियों की नियमित समीक्षा करने तथा आवश्यकता पड़ने पर जिला प्रशासन से समन्वय कर राहत एवं बचाव कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायतों में कराई जा रही है मुनादी

कलेक्टर ने सभी ग्राम पंचायतों में मुनादी कराकर ग्रामीणों को संभावित तेज बारिश, बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तथा आपात स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए पहले से समझाइश दी जाए।

जरूरतमंद परिवारों और पशुओं की सुरक्षा पर जोर

बैठक में बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, दिव्यांगजनों, छोटे बच्चों और विशेष सहायता की जरूरत वाले परिवारों की सूची तैयार रखने को कहा गया। इनके सुरक्षित स्थानांतरण और स्वास्थ्य सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग तथा 108 एंबुलेंस सेवा से समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए। वहीं, पशुओं को सुरक्षित रखने के लिए ऊंचे स्थानों की पहचान करने तथा चारा, पानी और जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

बयान के विरोध में भाजयुमो ने फूंका खड़गे का पुतला



- सिग्नल चौक पर प्रदर्शन कर कांग्रेस के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला कबीरधाम ने सिग्नल चौक में पुतला दहन कर प्रदर्शन किया। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष उमंग पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री पद की गरिमा का सम्मान करने की मांग की।

इस दौरान भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर पीयूष सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के नेता लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति अपमानजनक भाषा का प्रयोग करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के दौरान भी कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने नरेंद्र मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। उनके अनुसार, कांग्रेस की राजनीति में इस तरह की भाषा का प्रयोग लगातार जारी है। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के संबंध में की गई कथित अभद्र टिप्पणी राजनीतिक मर्यादाओं के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं द्वारा पहले भी प्रधानमंत्री और उनके परिवार को लेकर आपत्तिजनक बयान दिए जाते रहे हैं।

उन्होंने कहा कि देश के निर्वाचित प्रधानमंत्री और उनके परिवार के प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करना अनुचित है। प्रदर्शन में भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर पीयूष सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, विक्की अग्रवाल, जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष नीतीश चंद्रवंशी, अश्वन साहू, अजय ठाकुर, सुदर्शन कुंभकार, सौरभ सिंह, राजेंद्र सलूजा, देवा साहू, योगेश चंद्रवंशी, सानू साहू, पार्षद रिंकेश वैष्णव सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दो नवंबर को होगा जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 26 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कबीरधाम जिले में भी जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया जाएगा।

जिला मुख्यालय स्थित पीजी कॉलेज मैदान में सोमवार, 02 नवंबर को आयोजित होने वाले इस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय पर तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि समारोह का सफल आयोजन किया जा सके। कलेक्टर श्रीमती प्रजापति ने 11 से 18 नवंबर तक आयोजित होने वाले जनजाति गौरव सप्ताह की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने संबंधित विभागों को आयोजन की रूपरेखा के अनुरूप सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को आगामी बजट वर्ष 2027 के लिए आवश्यक प्रस्ताव निर्धारित समय-सीमा में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रस्ताव तैयार करने और निर्धारित प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

नवनिर्वाचित सामाजिक पदाधिकारियों ने ली शपथ

- मंत्री गजेन्द्र यादव ने दिलाई पदाधिकारियों को शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭चिल्फीघाटी

यादव ठेठवार समाज महासभा, राजिम का प्रांतीय शपथ ग्रहण समारोह रविवार को राजिम स्थित प्रांतीय मुख्यालय में संपन्न हुआ।

छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने नवनिर्वाचित प्रांताध्यक्ष संतोष यदु, महासचिव समेलिया यादव और कोषाध्यक्ष रमन यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में विभिन्न जनप्रतिनिधियों सहित एक हजार से अधिक समाजजन शामिल हुए। इस दौरान कबीरधाम जिले के प्रतिनिधियों को भी प्रांतीय संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गईं।



समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण की आरती और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

अतिथियों का स्वागत पारंपरिक अहीर नृत्य, पुष्पवर्षा तथा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों खुरमी और कुलेथा से किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक एकता, आपसी सद्भाव और संगठन की मजबूती पर जोर दिया गया। चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, राजिम विधायक रोहित साहू और नगर पालिका परिषद राजिम के अध्यक्ष महेश यादव सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

कबीरधाम के प्रतिनिधियों को मिली जिम्मेदारी

प्रांतीय कार्यकारिणी में कबीरधाम जिले से लालाराम यदु और चंद्रभूषण यदु को संरक्षक मनोनीत किया गया। वहीं, पंडरिया क्षेत्र के संतोष यादव को प्रचार मंत्री और विष्णु प्रसाद यादव को पशुपालन समिति का सभापति बनाया गया। युवा प्रकोष्ठ में उग्रसेन यदु को प्रांताध्यक्ष, बीपी यदु को महासचिव तथा महितोष यादव को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला प्रकोष्ठ में पुष्पा भुवनेश्वर यादव प्रांताध्यक्ष, किरण बलेंद्र यदु महासचिव और सुनीति संतु यादव कोषाध्यक्ष नियुक्त की गईं। संगठन के संचालन एवं विस्तार के लिए 100 से अधिक सदस्यों वाली प्रबंध कार्यकारिणी का गठन भी किया गया।

सेवा सेतु पोर्टल से लोगों के बनेंगे विवाह प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले में डिजिटल सुशासन को बढ़ावा देने और नागरिकों को शासकीय सेवाएं सरल एवं सुविधाजनक तरीके से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेवा सेतु पोर्टल पर नई सेवाएं और सुविधाएं जोड़ी गई हैं। इन सेवाओं के प्रभावी संचालन के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार सेवा सेतु केंद्रों के ऑपरेटरों के लिए वर्चुअल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसमें पोर्टल पर उपलब्ध नई सेवाओं, ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया और तकनीकी सुविधाओं के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान राजस्व विभाग की आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) प्रमाण पत्र एवं राजपत्र प्रकाशन से संबंधित सेवाओं के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विवाह प्रमाण पत्र और नल कनेक्शन जैसी सेवाओं के संचालन की प्रक्रिया समझाई गई।

इसके अलावा तकनीकी शिक्षा विभाग की सेवाओं सहित पोर्टल पर जोड़ी गई अन्य नवीन सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया। सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से नागरिक पहले से ही जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, नाम परिवर्तन के लिए राजपत्र प्रकाशन और राजस्व प्रकरणों सहित विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। अब नई सेवाओं के जुड़ने से नागरिकों को विभिन्न विभागों की सुविधाएं एक ही डिजिटल मंच पर प्राप्त करने में और सहूलियत होगी।

विभिन्न प्रकरणों से शासन को 143.82 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त

अवैध शराब के खिलाफ कबीरधाम में बड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन, विक्रय और धारण पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। विभाग की नियमित गश्त, आकस्मिक जांच और छापेमारी से अवैध मदिरा के कारोबार पर अंकुश लगाने के साथ शासन के राजस्व हितों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में 1 अप्रैल से 25 अक्टूबर 2026 तक जिले में 143.82 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है।

वहीं, अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाए गए अभियान के तहत 872 छापेमारी कर 610 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिला आबकारी अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने बताया कि जिले में अवैध मदिरा के कारोबार पर नियंत्रण के लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सतत निगरानी रखी जा रही है।

आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मदिरा, महुआ लाहन और मदिरा के परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को जब्त किया गया है। विभाग का उद्देश्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के साथ शासन की आबकारी नीति का क्रियान्वयन और राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।



मदिरा के अवैध परिवहन पर विशेष नजर

अवैध मदिरा के कारोबार पर नियंत्रण के लिए अन्य राज्यों से होने वाले अवैध परिवहन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के दौरान दर्ज 610 आपराधिक प्रकरणों में से 53 गंभीर आपराधिक प्रकरणों का उल्लेख किया गया है, जिनमें 12 प्रकरण हरियाणा एवं मध्यप्रदेश में निर्मित मदिरा से संबंधित हैं। जब्त मदिरा में अन्य राज्यों में निर्मित 196.81 बल्क लीटर मदिरा भी शामिल है।

1326.04 बल्क लीटर मदिरा व महुआ लाहन जब्त

अभियान के दौरान विभाग द्वारा कुल 1326.04 बल्क लीटर मदिरा जब्त की गई। इसमें 666.53 बल्क लीटर देशी मदिरा, 34.51 बल्क लीटर विदेशी मदिरा तथा 625 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब शामिल है। इसके साथ ही 4254 किलोग्राम महुआ लाहन भी जब्त किया गया। अवैध मदिरा के परिवहन में प्रयुक्त 10 वाहन भी जब्त किए गए, जिनमें 8 दोपहिया और 2 चारपहिया वाहन शामिल हैं। जब्त मदिरा, वाहनों एवं अन्य सामग्रियों का कुल अनुमानित बाजार मूल्य 18 लाख 38 हजार 909 रुपये है।

नवधा रामायण मंडली में शामिल हुई क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

ग्राम डोंगरिया कला में आयोजित नवधा रामायण मंडली में पंडरिया विधायक भावना बोहरा शामिल हुईं।



इस दौरान उन्होंने श्रोताओं के बीच बैठकर रामायण मंडली द्वारा प्रस्तुत भगवान श्रीराम की जीवन-गाथा और स्तुति का श्रद्धाभाव से श्रवण किया। विधायक भावना बोहरा ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से गांव में शांति, सद्भाव और आध्यात्मिक वातावरण निर्मित होता है। भगवान श्रीराम हमारे रोम-रोम में बसे हैं। उनका स्मरण मात्र से ही जीवन को सार्थक बनाने और भवसागर से पार उतरने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान मानस प्रतिकोष्ठ के जिला अध्यक्ष भरत लाल चंद्रवंशी के आग्रह पर विधायक ने ज्योति कक्ष बनवाने की घोषणा की। वहीं, ग्राम पंचायत संडी में आयोजित बैठक के दौरान ग्रामीणों की मांग पर सामुदायिक भवन निर्माण की घोषणा भी की।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी, नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर, महेंद्र चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी, छोटू चौहान, राधेश्याम साहू, डीसी चंद्रवंशी, पूर्व सरपंच सुदर्शन चंद्रवंशी, शिव सहाय गुप्ता, शीतल साहू, कन्हैया चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।